हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

शाबाश! ढिल्लों

10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट और इंडिविजुअल्स एवेंट में रजत पदक

एशियन गेम्स के दूसरे दिन 4 मेडल कब्जाए | जींद के हिमांशु ने 2 रजत, रोहतक की सुचिका ने कांस्य पदक जीता

नगोया (एजेंसी)। भारत ने जापान के नगोया में चल रहे एशियन गेम्स के दूसरे दिन सोमवार को 4 मेडल जीते। इनमें से 3 मेडल शूटर्स ने दिलाए, जबकि, एक मिक्स्ड मार्शल आर्टस में आया। इनमें दो रजत और एक कांस्य पदक हरियाणा के खिलाड़ियों ने कब्जाए हैं। मेंस 10 मीटर राइफल के इंडिविजुअल्स इवेंट में जींद के हिमांशु ढिल्लों (252.4 अंक) को सिल्वर और महाराष्ट्र के रुद्रांश पाटिल (230.9 अंक) को ब्रॉन्ज मिला। चीन के शेंग लिहाओ (254.2 अंक) ने गोल्ड जीता। टीम इवेंट में भारत ने सिल्वर जीता। पार्थ माने, रुद्रांक्ष पाटिल और हिमांशु ढिल्लों वाली टीम 1890.1 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही। चीन (1899.9 अंक) पहले और कोरिया (1884.2 अंक) तीसरे स्थान पर रहे। वहीं रोहतक की सुचिका तारियाल ने मिक्स्ड मार्शल आर्टस के विवादित मुकाबले में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। यह इस खेल में एशियाड का पहला मेडल भी है।

टेबल टेनिस में भारत की दोनों टीमों ने पाकिस्तान को करारी मात दी

हॉकी, कबड्डी व टेटे में भी जीते

भारत को महिला हॉकी और कबड् डी में भी जीत मिली। वहीं, टेबल टेनिस में भारत की दोनों टीमों ने पाकिस्तान को करारी मात दी है। खास बात यह रही कि पाकिस्तानी खिलाड़ी एक भी गेम नहीं जीत सके।

6 पदकों के साथ 12वें स्थान पर भारत

भारत एशियन गेम्स की मेडल टैली में 12वें स्थान पर है। उसके खाते में अब 4 सिल्वर समेत 6 मेडल हैं। चीन 23 गोल्ड समेत 38 मेडल लेकर पहले स्थान पर है। जापान 8 गोल्ड समेत 32 मेडल के साथ दूसरे और साउथ कोरिया 5 गोल्ड समेत 23 मेडल के सहारे तीसरे स्थान पर है। (खेल पेज भी देखें)

एमएमए में तारियाल ने भारत को पहला पदक दिलवाया

महाराष्ट्र के रुद्रांक्ष को ब्रॉन्ज

महाराष्ट्र के रुद्रांक्ष पाटिल ने 10 मीटर राइफल के इंडिविजुअल्स इवेंट में कांस्य पदक जीता है। रुद्रांक्ष बाला साहेब पाटिल महाराष्ट्र के ठाणे के रहने वाले हैं। उन्होंने इससे पहले 2022 में काहिरा वर्ल्ड चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। वे स्वर्ण पदक जीतने वालों में अभिनव बिंद्रा के बाद दूसरे शूटर बने थे। 2022 में वे दुनिया के नंबर वन निशानेबाज भी रहे हैं।

पीएम मोदी ने दी बधाई

पीएम नरेंद्र मोदी ने शूटिंग में 2 रजत और एक कांस्य पदक जीतने वाले हिमांशु ढिल्लों, रुद्रांक्ष पाटिल और एमएमए में भारत को पहला पदक दिलाने वाली सुचिका तारियाल को बधाई दी है।

सीएम बोले खिलाड़ियों पर गर्व

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को दो रजत पदक जीतने वाले जींद के हिमांशु और कांस्य पदक जीतने वाली सुचिता तारियाल को बधाई देते हुए कहा कि हमें अपने खिलाड़ियों की उपलब्धि पर गर्व है।

700 ग्राम ज्यादा वजन ने छीना गोल्ड जीतने का सपना

एशियाई खेलों में महिलाओं के पारंपरिक 60 किग्रा मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) इवेंट में सुचिका तारियाल को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। सिंगापुर की हुई हून टेओ को सेमीफाइनल का विजेता घोषित किया गया, क्योंकि दोनों फाइटर्स के बीच मुकाबला ड्रॉ होने के बाद परिणाम के लिए वजन को आधार बनाया गया। जिसमें टेओ का वजन सुचिका से 700 ग्राम कम निकला, इस आधार पर टेओ को विजेता घोषित किया। इस खेल में भारत का यह पहला पदक है। हालांकि, इस नतीजे से सुचिका बहुत दुखी हुईं वह मैट पर फूट-फूटकर रोने लगीं। रोहतक की 36 वर्षीय सुचिका ने कहा कि मैं नतीजे से निराश हूं, क्योंकि मुझे लगा कि मैंने फाइट जीती है। मैं इस नतीजे से सहमत नहीं हो पा रही हूं। मैं कह रही थी कि यह सही नहीं है। मैंने अपने दोनों राउंड बहुत अच्छे से जीते, क्योंकि मैंने प्रतिद्वंद्वी को नीचे गिराया था। उसने मुझे नीचे नहीं गिराया था। हां, दो-तीन पंच लगे हो सकते हैं। मैंने भी एक पंच मारा था और आखिरी मिनट में वह आगे-पीछे हो रही थी। (पैकेज पेज 3 पर)

■ ब्रॉन्ज जीतने के बाद छलका तारियाल का दर्द

एसआईटी ने सुप्रीम कोर्ट में रखी स्टेटस रिपोर्ट

राम मंदिर में 105 बार चोरी घटनाएं सीसीटीवी में कैद

25 सितंबर तक दायर होगी चार्जशीट, हो सकते हैं और बड़े खुलासे

अयोध्या (एजेंसी)। राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के मामले में जांच के दौरान बड़ा खुलासा हुआ है। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) की स्टेटस रिपोर्ट के आधार पर बताया गया कि मंदिर परिसर में चढ़ावा चोरी की 105 घटनाएं सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हुई हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि एसआईटी की जांच लगभग पूरी हो चुकी है और संदिग्ध घटनाओं के फुटेज, गवाहों के बयान समेत अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई है। एसआईटी ने बताया कि मंदिर में चढ़ावे और कीमती सामान की रसीदें सॉफ्टवेयर के माध्यम से तैयार होती हैं। इसके बाद सामान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के लॉकर में सुरक्षित रखा जाता है। एसआईटी की जांच लगभग पूरी हो चुकी है और 25 सितंबर तक चार्जशीट दाखिल कर दी जाएगी। इस बीच अदालत ने कहा कि मजिस्ट्रेट को कानून के मुताबिक चार्जशीट पर फैसला करने का आदेश दिया है।

...तो आदेश देंगे

चीफ जस्टिस की बेंच ने कहा कि हम सेशन जज से मामला अपने हाथ में नहीं लेना चाहते। अगर हमें लगा कि आगे जांच की जरूरत है तो हम आदेश पास करेंगे। मंदिर में चंदा चोरी के मामले ने इतना तूल पकड़ लिया था कि ट्रस्ट से चंपत राय और अनिल मिश्रा को विदा किया गया है।

अभी आठ आरोपी जेल में

25 जून को रामजन्मभूमि थाने में आठ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव के पास दानपात्रों की चाबियां थीं, जबकि अनुकल्प मिश्र और लवकुश मिश्र नकदी की गिनती से जुड़े थे। पुलिस ने अनुकल्प के घर से करीब 20 लाख और लवकुश के घर से करीब 10 लाख रुपये बरामद होने का दावा किया है।

जीतेंद्र मिश्र ने सीईओ का पदभार संभाला

सेवानिवृत्त एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्र ने अयोध्या में राम मंदिर का प्रबंधन करने वाले श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में सोमवार को औपचारिक तौर पर पदभार ग्रहण कर लिया। रविवार को अयोध्या पहुंचे मिश्र ने सोमवार सुबह राम मंदिर में पूजा-अर्चना की, जिसके बाद वह पदभार ग्रहण करने मंदिर परिसर में नवनिर्मित कार्यालय पहुंचे। मिश्र अयोध्या पहुंचने के बाद रविवार रात रामकोट क्षेत्र स्थित तीर्थ क्षेत्र भवन में ठहरे।

तीन आरोपियों की जमानत खारिज

अयोध्या की एक विशेष अदालत ने राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी से जुड़े मामले में तीन आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज कर दी। विशेष न्यायाधीश रजत वर्मा ने अविनाश शुक्ला, मनीष कुमार यादव और रामशंकर मिश्रा की जमानत अर्जी स्वीकार नहीं की। अविनाश, मनीष और रामशंकर उन आठ आरोपियों में शामिल हैं, जिनकी न्यायिक हिरासत की अवधि अदालत ने शुक्रवार को 21 सितंबर तक के लिए बढ़ा दी थी।

आईआईटी-बॉम्बे सुसाइड केस में प्रोफेसर डीन पद से सस्पेंड

मुंबई(एजेंसी)। आईआईटी बॉम्बे ने बीटेक स्टूडेंट साहिल वाकोडे की मौत मामले में प्रोफेसर सूर्यनारायण दूल्ला को डीन पद से सस्पेंड कर दिया गया है। हालांकि वे अभी प्रोफेसर पद पर बने रहेंगे। वहीं, संस्थान ने साहिल की मौत को लेकर पहले कही गईं बातों के लिए माफी भी मांगी है। 22 साल के साहिल आईआईटी बॉम्बे के एनर्जी साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग में सेकेंड ईयर के स्टूडेंट थे। 18 सितंबर की रात वे पवई कैंपस स्थित हॉस्टल के कमरे में मृत मिले थे। आईआईटी ने अपने ऑफिशियल बयान में कहा था कि घटना वाले दिन साहिल को मिड-सेमेस्टर एग्जाम में फोन का इस्तेमाल करते हुए पकड़ा गया था।

संस्थान ने माफी मांगी, कहा था- नकल करते पकड़ा था

सिरसा में मां-बेटी जिंदा जलीं ससुरालियों पर हत्या का आरोप

चोपटा (सिरसा)। गांव शक्कर मंदोरी में मां-बेटी की जिंदा जलने से मौत हो गई। महिला के परिजनों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला के भाई की शिकायत पर पति संदीप कुमार, सास शांति देवी, ससुर ओम और ननद के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बेटी ने हिसार के एक निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान शक्कर मंदोरी निवासी कविता पत्नी संदीप के रूप में हुई है। कविता के भाई ने आरोप लगाया है कि ससुराल वालों ने दोनों को जलाकर मारा है।

दहेज मांगने के आरोप

महिला के भाई सतीश ने ससुरालजनों पर आरोप लगाया है कि वे दहेज की मांग रहे थे। उसके साथ मारपीट की जाती थी। रविवार को कविता ने उसके मोबाइल पर कॉल कर उसे बेटे के जन्मदिन की बधाई दी थी। कविता ने बताया कि बेटी सानवी सो रही है। इसके एक घंटे बाद कविता के ससुर का फोन आया और बताया कि उनकी बेटी जल गई है। जब वे शक्कर मंदोरी पहुंचे तो कविता कमरे में जली हुई मिली, जबकि उसकी बेटी सानवी झुलसते हुए कमरे से बाहर आई थी। कमरे में रखे सोफे भी जले मिले हैं।

वोटर लिस्ट : सोनिया को झटका

कोर्ट ने रद्द किया मजिस्ट्रेट का आदेश, 29 को सुनवाई

नई दिल्ली। भारतीय नागरिकता मिलने से तीन साल पहले 1980 में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के मामले में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। राउज एवेन्यू की विशेष अदालत ने प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश से इनकार करने वाले मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया। सोनिया पर आरोप है कि उन्होंने भारतीय नागरिकता मिलने से तीन साल पहले, 1980 में जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल कर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाया था। अब अगली सुनवाई 29 सितंबर को होगी।

गोहाना में दिनदहाड़े गोलियां बरसाकर छह लोगों पर हमला

कोर्ट से छह लोग घर लौट रहे थे तभी वारदात, बुलेटप्रूफ थी गाड़ी, बची जान

गोहाना (हरिभूमि न्यूज)। जमीनी विवाद को लेकर सोमवार दोपहर गोहाना में दिनदहाड़े गोलियां बरसाकर छह लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि कोर्ट से छह लोग स्कार्पियो में सवार होकर घर लौट रहे थे तभी गांव नगर में खरखौदा मोड़ के पास पहुंचते ही हमलावरों ने उनकी गाड़ी के आगे दूसरी स्कार्पियो अड़ाकर फायरिंग कर दी। कुल नौ फायर किए, लेकिन गाड़ी बुलेटप्रूफ होने से उनकी जान बच गई। पुलिस ने छह नामजद समेत 12-13 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जमीन पर चल रहा था विवाद

गांव बड़ौता के रविंद्र ने पुलिस को बताया कि उसके परिवार का गांव खेड़ी के कुछ लोगों के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसी मामले में परिवार के लोग गोहाना कोर्ट में गवाही देने पहुंचे थे। कुछ स्वजन दूसरी गाड़ी से घर रवाना हो गए। इसके बाद रविंद्र, रिश्तेदार ऋषि निवासी पुगथला और उनके साथी अंकित, अमित, प्रवीन व नवीन स्कार्पियो से घर जा रहे थे। तभी दोपहर 12 बजे गांव नगर में खरखौदा मोड़ के पास उनपर स्कार्पियो, थार और फॉर्च्यूनर में सवार होकर हमलावरों ने फायरिंग कर दी। रविंद्र के अनुसार रजिस्ट्री के दस्तावेजों में भी गड़बड़ी का आरोप है। मौसेरी बहन वीना ने मामले में न्यायालय में केस कर रखा है और सोमवार को इसी मामले में गवाही थी। रविंद्र ने कहा कि पहले भी उस पर हमला किया गया था। रविंद्र ने हमले का आरोप गांव खेड़ी दमकन के विनोद, निक्कू, रभड़ा के कृष्ण, मोहित, राहुल व अन्य पर लगाया। डीसीपी गोहाना जितेंद्र गहलावत ने बताया कि छह नामजद और 12-13 अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने तय किए नियम, लिखित में देनी होगी जानकारी

गिरफ्तारी की वजह नहीं बताई तो कार्रवाई गैरकानूनी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करते समय उसे गिरफ्तारी की वजह लिखित में बताना जरूरी है। ऐसा नहीं करने पर गिरफ्तारी गैरकानूनी मानी जाएगी। कोर्ट ने कहा कि अगर ऐसी गिरफ्तारी के बाद व्यक्ति को रिहा कर दिया जाता है और जांच एजेंसी उसे दोबारा गिरफ्तार करना चाहती है, तो पुलिस सीधे उसे नहीं पकड़ सकती। इसके लिए पहले मजिस्ट्रेट से मंजूरी लेनी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि पहली गिरफ्तारी में नियमों का उल्लंघन करने वाले पुलिस अधिकारी के खिलाफ विभागीय जांच होगी। दोबारा गिरफ्तारी की स्थिति में मामले की आगे की जांच किसी दूसरे अधिकारी को सौंपी जाएगी।

अहम दिशा-निर्देश जारी

सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारी की प्रक्रिया को लेकर सोमवार को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करते समय उसे गिरफ्तारी के आधार लिखित रूप में और ऐसी भाषा में बताना जरूरी है, जिसे वह समझ सके। ऐसा नहीं करने पर गिरफ्तारी असंवैधानिक और गैरकानूनी मानी जाएगी तथा आरोपी को तत्काल रिहाई का अधिकार मिल सकता है। कोर्ट ने यह भी कहा कि यदि ऐसी गिरफ्तारी के बाद व्यक्ति को रिहा कर दिया जाता है और जांच एजेंसी उसे फिर हिरासत में लेना चाहती है तो पुलिस सीधे दोबारा गिरफ्तार नहीं कर सकती। इसके लिए पहले संबंधित मजिस्ट्रेट से अनुमति लेनी होगी।

मजिस्ट्रेट के सामने बताने होंगे कारण

कोर्ट ने कहा कि अनुच्छेद 22(1) के उल्लंघन के कारण किसी आरोपी को रिहा किया है। जांच एजेंसी को उसकी हिरासत जरूरी लगती है तो मजिस्ट्रेट के सामने आवेदन देना होगा। इसमें दोबारा गिरफ्तारी की जरूरत और उसके कारण स्पष्ट करने होंगे।

इस मामले में फैसला

कोर्ट ने ये निर्देश शिरोमणि अकाली दल से जुड़े मुल्लांपुर दाखा विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी जसरकरनजीत सिंह की अपील पर दिए। नाबालिग से जुड़े यौन अपराध के मामले में उनकी गिरफ्तारी के समय उन्हें गिरफ्तारी के कारण लिखित रूप में नहीं बताए गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी को गैरकानूनी माना। सिंह ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था, जिसमें स्थानीय अदालत के गिरफ्तारी को गैरकानूनी बताने और तत्काल रिहाई के आदेश पर रोक लगाई गई थी।

खबर संक्षेप

भाजपा ओबीसी मोर्चा का दायित्व ग्रहण समारोह आज

पंचकूला। भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा, हरियाणा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर सुनील सैन मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में सुबह 10 बजे आयोजित समारोह में औपचारिक रूप से दायित्व ग्रहण करेंगे। यह जानकारी देते हुए भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रमुख डॉ. राजबीर आर्य ने बताया कि दायित्व ग्रहण समारोह को लेकर ओबीसी मोर्चा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह है।

सीएम की मंजूरी के बिना रख सकेंगे सलाहकार

चंडीगढ़। हरियाणा में सरकारी विभाग और संस्थाएं अब मुख्यमंत्री की पूर्व मंजूरी के बिना गुणवत्ता और लागत के आधार पर चयन की पद्धति से सलाहकार नियुक्त करने के लिए निविदा नहीं निकाल सकेंगी। राज्य सरकार ने इस प्रक्रिया के इस्तेमाल को केवल असाधारण मामलों तक सीमित कर दिया है। वित्त विभाग ने साफ किया है कि यह पद्धति तभी अपनाई जा सकेगी, जब काम अत्यधिक विशिष्ट या तकनीकी हो।

अंतरराष्ट्रीय बधिरता सप्ताह मना रहा स्वास्थ्य विभाग

चंडीगढ़। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की सुनने की समस्या महसूस होने पर तुरंत अपने नजदीकी सरकारी अस्पताल में जाकर अपनी नियमित कान व सुनने की जांच करवाएं। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि प्रदेश में 27 सितंबर तक अंतरराष्ट्रीय बधिरता सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसमें निःशुल्क जांच की जा रही है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने पंजाब के फाजिल्का व जलालाबाद में संबोधित किया

गुरुओं की धरती पर नशे के सौदागर बर्दाश्त नहीं होंगे

बोले-2027 में भाजपा सरकार बनी तो नशा फैलाने वाले या धंधा छोड़ेंगे या पंजाब छोड़ेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब की पहचान गुरु नानक देव जी के 'किरत करो, नाम जपो, वंड छको' के संदेश, गुरु गोबिंद सिंह की वीरता, मेहनतकश किसानों और देश की सीमाओं पर डटे जवानों से रही है। ऐसी पावन धरती पर नशे के सौदागरों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने पंजाब को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया है। वर्ष 2027 में भाजपा की सरकार बनने पर नशा फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे लोग या तो अपना धंधा छोड़ेंगे या पंजाब छोड़ेंगे। मुख्यमंत्री सोमवार को जलालाबाद में नशामुक्त यात्रा के दौरान लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ अभियान को केवल राजनीतिक कार्यक्रम या रोड शो तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए, बल्कि इसे गांव-गांव तक पहुंचाकर जन आंदोलन बनाया जाना चाहिए।

नशे के खिलाफ लड़ाई राजनीतिक नहीं युवाओं का भविष्य बचाने का अभियान

अरनीवाला (फाजिल्का) में नशा मुक्ति यात्रा के चौथे चरण को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई राजनीतिक नहीं, युवाओं का भविष्य बचाने का अभियान है। उन्होंने कहा कि पंजाब की धरती कभी अपनी खुशहाली, जीवंतता और मेहनतकश युवाओं के लिए जानी जाती थी, लेकिन आज नशा युवाओं के भविष्य के सामने बड़ी चुनौती बन गया है। नशे के खिलाफ शुरू की गई मुहिम को जन आंदोलन का रूप देना समय की जरूरत है। यह लड़ाई किसी राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि युवाओं और आने वाली पीढ़ी को बचाने की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि 18 सितंबर से शुरू हुई यह यात्रा 30 सितंबर तक चलेगी और करीब 4 हजार किलोमीटर का सफर तय करते हुए पंजाब के सभी 117 विधानसभा क्षेत्रों को कवर करेगी।

नशा खत्म करने के वादे पर सरकार को घेरा

नायब सैनी ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने सत्ता में आने से पहले तीन से छह महीने में पंजाब से नशा खत्म करने का वादा किया था। इसके बाद 15 अगस्त 2024, 31 दिसंबर 2024 और 1 मार्च 2025 तक कार्रवाई के दावे किए गए, लेकिन नशे की समस्या बनी हुई है। उन्होंने कहा कि पंजाब की जनता विज्ञापन और नारे नहीं, बल्कि नशे से मुक्ति, उपचार, रोजगार और सम्मान चाहती है।

आप सरकार की छत्रछाया में फल-फूल रहे नशा कारोबारी

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि पंजाब में बड़े नशा कारोबारी किसकी छत्रछाया में फल-फूल रहे हैं, इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस छोटी मछलियों को पकड़ रही है, जबकि बड़े कारोबारियों पर कार्रवाई नहीं हो रही। नशे के खिलाफ केवल पोस्टर और अभियानों के नाम बदलने से समस्या का समाधान नहीं होगा। नायब सैनी ने कहा कि चंडीगढ़ में उनके निवास से करीब 500 मीटर की दूरी पर पंजाब के मुख्यमंत्री का निवास है। उनके निवास पर रोजाना दो से ढाई हजार लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी की समस्याएं सुनना और उनका समाधान करना सरकार की जिम्मेदारी है। नायब सैनी ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित नहीं है। इसके लिए उपचार, पुनर्वास, खेल और रोजगार के अवसरों को भी साथ लेकर चलना जरूरी है।

सड़क और पेयजल व अन्य परियोजनाओं पर खर्च होंगे 2295 करोड़ : रस्तोगी

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए 2295.27 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं के प्रस्ताव तैयार किए हैं। इनमें से 2,180.50 करोड़ रुपये की ऋण सहायता नाबार्ड के ग्रामीण अवसंरचना विकास कोष (आरआईडीएफ) के तहत प्रस्तावित है। इन परियोजनाओं में सिंचाई, ग्रामीण सड़कें, पेयजल आपूर्ति और भंडारण बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता दी गई है। साथ ही सौर ऊर्जा, जल सुरक्षा और ऊर्जा भंडारण जैसी हरित परियोजनाओं के लिए नाबार्ड की वित्तीय सहायता

लेने की संभावनाएं भी तलाशी जा रही हैं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सोमवार को नाबार्ड की सहायता से प्रदेश में चल रही बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए।

60 आईटीआई होंगी अपग्रेड, एआई व ड्रोन के पाठ्यक्रम शुरू होंगे

चंडीगढ़। हरियाणा में औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने के लिए सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) को आधुनिक बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री स्किलिंग एंड एम्प्लॉयबिलिटी ट्रांसफॉर्मेशन थ्रू अपग्रेडेड आईटीआई के तहत प्रदेश के 12 क्लस्टरों में 60 सरकारी आईटीआई को अगले पांच वर्षों में अपग्रेड किया जाएगा। इनमें एआई, ड्रोन, इलेक्ट्रिक वाहन, साइबर सुरक्षा और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे उभरते क्षेत्रों से जुड़े नए पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे।

250 पीएम श्री स्कूलों का होगा कायाकल्प : ढांडा

चंडीगढ़। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के राजकीय स्कूलों के बुनियादी ढांचे को और अधिक सुदृढ़ तथा आधुनिक बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में प्रदेश के 250 पीएम श्री स्कूलों को विशेष रूप से लाइब्रेरी, ग्रीन कैंपस, डिजिटल क्लासरूम, स्मार्ट क्लासरूम और अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं (लैब) के रूप में विकसित किया जा रहा है। इन विद्यालयों की लाइब्रेरी में बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध करवाया जाएगा ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुकूल शैक्षणिक वातावरण मिल सके।

चार गोवन विकसित किए जाएंगे : बड़ौली

चंडीगढ़। सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो चेयरमैन मोहनलाल कौशिक ने कहा कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार गांवों एवं शहरों को बेसहारा गायों से मुक्त करने के लिए

आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इसके तहत गोशालाओं के साथ-साथ प्रदेश में चार गोवन विकसित करने की प्रक्रिया भी जारी है। मोहनलाल कौशिक चंडीगढ़ में गोसेवा आयोग के पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उन्होंने हैफेड, प्राकृतिक खेती तथा खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो चेयरमैन ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश की ग्राम पंचायतों को गोचरान भूमि में से कम से कम 10 एकड़ भूमि गोशालाओं को उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़कों पर घूम रही गायों को गोशालाओं एवं गोवन में सुरक्षित रखने के लिए गोसेवा आयोग, ग्राम पंचायतों व संगठन मिलकर काम कर रहे है।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम विनिर्माण उद्यमों को बड़ी राहत

हरियाणा राइट टू बिजनेस एक्ट लागू उद्योगों को 15 दिन में सैद्धांतिक मंजूरी

- 36 महीने तक सामान्य जांच और दंडात्मक कार्रवाई से राहत
- तय समय में फैसला नहीं होने पर मिलेगा डीम्ड अप्रूवल

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने प्रदेश के कारोबारियों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम विनिर्माण उद्यमों को बड़ी राहत देते हुए हरियाणा कारोबार का अधिकार अधिनियम (हरियाणा राइट टू बिजनेस एक्ट), 2026 लागू कर दिया है। अधिनियम के लागू होने से एमएसएमई के लिए नई विनिर्माण इकाई स्थापित करने और मौजूदा इकाइयों के विस्तार से संबंधित सरकारी मंजूरियों की प्रक्रिया समयबद्ध होगी। सरकार ने जिला और राज्य स्तर पर आवेदनों के निपटारे के लिए निश्चित समयसीमा तय की है। तय अवधि में निर्णय नहीं होने पर आवेदन को अगले स्तर पर भेजने और अंततः डीम्ड अप्रूवल देने का प्रावधान किया गया है। नियमों के अनुसार जिला नोडल एजेंसी को आवेदन मिलने के बाद 15 कार्यदिवस के भीतर सैद्धांतिक मंजूरी जारी करनी होगी या आवेदन को अस्वीकार करना होगा। यदि इस अवधि में कोई फैसला नहीं होता है तो आवेदन स्वतः राज्य स्तर पर चला जाएगा। राज्य स्तर पर हरियाणा एंटरप्राइजेज प्रमोशन सेंटर के डिप्टी चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर को आवेदन पर 10 कार्यदिवस में निर्णय लेना होगा। राज्य स्तर पर भी तय अवधि में फैसला नहीं होने पर आवेदन को सैद्धांतिक रूप से स्वीकृत यानी डीम्ड अप्रूवल माना जाएगा। इसके बाद जिला नोडल एजेंसी को तीन दिन के भीतर संबंधित प्रमाणपत्र जारी करना होगा। इस तरह सामान्य स्थिति में किसी आवेदन पर अधिकतम 25 कार्यदिवस में निर्णय होना तय किया गया है।सैद्धांतिक मंजूरी मिलने के बाद पात्र एमएसएमई को 36 महीने यानी तीन वर्ष की राहत अवधि मिलेगी।

राज्यपाल ने दी अधिनियम को मंजूरी

अधिनियम को राज्यपाल ने 11 सितंबर को मंजूरी दी थी और 18 सितंबर को राजपत्र में प्रकाशित होने के साथ यह लागू हो गया। इसका लाभ केवल केंद्र सरकार के उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत पात्र एमएसएमई को मिलेगा। उद्यमी को सबसे पहले जिला नोडल एजेंसी के समक्ष 'डिक्लेरेशन ऑफ इंटेंट' देना होगा। इसके बाद ही सैद्धांतिक मंजूरी के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी।

THE HARYANA CO-OPERATIVE SUGAR MILL LTD., BHALI ANANDPUR, ROHTAK
Email:rtk.sugar@gmail.com, website: www.rohtaksugars.com
Contact No. 01258-250641, 250800

ई-निविदा सूचना

हरियाणा सहकारी चीनी मिल्स लि., भाली आनन्दपुर, रोहतक हेतू मूल निर्माताओं/अधिकृत वितरकों एवं पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैः-

आईटमस का विवरणः-

1. आगामी पेराई सत्र 2026-27 के लिए शुगरकेन ईआरपी सोफ्टवेयर अग्रिम टोकन व बाह्य गन्ना क्रय केन्द्रों पर ऑनलाइन गन्ना खरीद प्रणाली सहित एवं गन्ना कार्यालय में व यार्ड में नैटवर्किंग, गन्ना तुलाई हेतू मैनलैस प्रणाली का कार्य व रखरखाव का कार्य एक वर्ष के लिए ठेके पर करवाना व किसानों को गन्ना पर्ची की एवं अन्य कोई भी आवश्यक सूचना देने के लिए एसएमएस पैक खरीदना और गन्ना विभाग हेतू इन्टरनैट 50 एम.बी.पी.एस. की लीज लाइन लेने बारे विचार-विमर्श एवं निर्णय हेतू।
2. फाइबराइजर टिप की खरीद।
3. चोपर व लैवलर के नाइव्स की खरीद।
4. ब्वायलर के लिए एफ डी फैन के इम्पैलर की खरीद।
5. इलैक्ट्रिकल स्पेयर्स की खरीद।
6. वाटर कुल्ड ए.सी. के स्पेयर्स की खरीद।
7. स्नाइडर मेक की वीएफडी की मरम्मत व रखरखाव का कार्य ठेके पर करवाना।
8. एबीबी मेक की वीएफडी व डी सी ड्राइव की मरम्मत व रखरखाव का कार्य ठेके पर करवाना।
9. आर.ओ. प्लांट के रखरखाव व ऑपरेशन का कार्य ठेके पर करवाना।
10. बगास हैंडलिंग का कार्य ठेके पर करवाना।
11. मिल हाऊस बीकैम मेक के ग्रीस की खरीद ।
12. ब्वायलर के लिए थमेक्ट बी बगास कैमिकल की खरीद।
13. ब्वायलर के लिए रिफैक्टरी मैटीरियल की खरीद।
14. इंसूलेशन व लैगिंग का कार्य ठेके पर करवाना।
15. ब्वायलर पर रिफैक्टरी लगवाने का कार्य ठेके पर करवाना।
16. केएसबी मेक के फीड पंप्स का कार्य सर्विस इंजीनियर से ठेके पर करवाना।
17. रिफाइनरी के लिए एलन ब्रेडली मेक पीएलसी कन्ट्रोल सिस्टम व एमएमपी कन्ट्रोल सिस्टम की मरम्मत च रखरखाव का कार्य ठेके पर करवाना।
18. ईटीपी व स्टैक एमीशन का डाटा हरियाणा प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के मानदण्डों के अनुरूप ट्रांसमीशन सिस्टम की मरम्मत व रखरखाव का कार्य ठेके पर करवाना।
19. हरियाणा प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के मानदण्डों के अनुरूप स्टैक मॉनीटरिंग के लिए सीढ़ी स्थापित करने के कार्य ठेके पर करवाना।
20. ब्रास लाइनर स्क्रीन, ग्रेडर की एस.एस. स्क्रीन व वैक्यूम फिल्टर की जाली व इससे सम्बन्धित मदों की खरीद।
21. आगामी सीजन के दौरान लैब एनालिसिस करने के लिए कैमिकल व अप्रैटस की खरीद।
22. रॉ हाऊस, रिफाइनरी हाऊस व ई.टी.पी. को सूचारू रूप से चलाने के लिए कैमिकल्स की खरीद।
23. आगामी सीजन 2026-27 व बन्द सीजन 2027 के दौरान पैन क्वाड, एफ.एफ.ई. व जूस हीटर आदि की सफाई हेतू उपकरणों की खरीद।
24. आगामी सीजन 2026-27 के लिए शुगर हैंडलिंग का कार्य ठेके पर करवाना।
25. लगभग 40,800 क्विंटल (सीजन 2025-26) शीरे की बिक्री हेतू।

निविदा दस्तावेज विवरण, मात्रा, विनिर्देशन तथा अन्य नियम व शर्तों के साथ पोर्टल etenders.hry.nic.in पर उपलब्ध है। सभी निविदाएं दिनांक 26.09.2026 को प्रातः 9:00 बजे तक ऑनलाइन ई-निविदा पोर्टल etenders.hry.nic.in पर जमा की जाएंगी एवं तकनीकी व वित्तिय निविदाएं दिनांक 26.09.2026 को प्रातः 10:00 बजे खोली जाएंगी। निविदादाता अपनी दरे न्यूनतम आधार पर देवें।

उक्त बारे यदि आवश्यक हुआ तो नैगोसिएशन दिनांक 29.09.2026 को प्रातः 11:00 बजे मिल कार्यालय में की जाएगी। उपरोक्त सम्बन्धित और अधिक जानकारी के लिए निविदादाता मोबाइल नं.- 8192009468 या 7027481000 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

हस्ता/-मुख्य लेखा अधिकारी
कृतेः प्रबन्ध निदेशक

संवाद- 1039/11/141/2027/49496/C/88/6 दि. 21.09.26

Model Economic Township Limited

पंजीकृत कार्यालयः तृतीय तल, 77-बी, इफको रोड़, सैक्टर - 18, गुरूग्राम - 122015, हरियाणा, फोनः 0124-352 7369
CIN: U70109HR2006PLC036416

सार्वजनिक सूचना

HRERA रियल एस्टेट प्रोजैक्ट रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट नं. HRERA-PKL-JJR-253-2021 Dated 23.08.2021

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमें, मॉडल इकोनोमिक टाउनशिप लिमिटेड, को हरियाणा रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण, पंचकूला द्वारा हमारी "Pocket L, Sector 8, MET City" नामक आवासीय प्लॉटिड परियोजना (जिसका कुल क्षेत्रफल 79.756 एकड + 0.853 एकड - 4.384 एकड = 76.225 एकड है) जोकि औद्योगिक प्लॉटिड कॉलोनी का हिस्सा है एवम् गाँव सौन्धी, याकूबपुर एवं फतेहपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में स्थित है, के लिए सप्लिमैंट्री रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट No. HRERA-7825 Dated 18.09.2026 प्रदान किया गया है, परियोजना के बैंक खातों का विवरण इस प्रकार है:

बैंक अकाउंट का नाम	:	अकाउंट नम्बर
Model Economic Township Ltd - 100% Master Account (Collection Account)	:	459405000050
Model Economic Township Ltd - 70% Escrow Account (Project Account)	:	459405000036
Model Economic Township Ltd - 30% Free Account	:	777705005439
बैंक अकाउंट की किस्म	:	Current Account
बैंक का नाम	:	ICICI Bank Limited
बैंक ब्रांच का पता	:	Reliance Met Ltd, Sector 5, Village Dadri Toye, On SH 15A, Jhajjar, Haryana 124515
आई.एफ.एस.सी. कोड नम्बर	:	ICIC0004594

यह सूचना हरियाणा रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण, पंचकूला द्वारा जारी निर्देशों की अनुपालना में जारी की गई है।

कृते मॉडल इकोनोमिक टाउनशिप लिमिटेड
दिनांक : 22.09.2026 प्राधिकृत हस्ताक्षरी

www.modeleconomictownship.com

Model Economic Township Limited

पंजीकृत कार्यालयः तृतीय तल, 77-बी, इफको रोड़, सैक्टर - 18, गुरूग्राम - 122015, हरियाणा, फोनः 0124-352 7369
CIN: U70109HR2006PLC036416

सार्वजनिक सूचना

HRERA रियल एस्टेट प्रोजैक्ट रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट नं. HRERA-PKL-JJR-1-2018 Dated 28.03.2018

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमें, मॉडल इकोनोमिक टाउनशिप लिमिटेड को, हरियाणा रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण, पंचकूला द्वारा हमारी "Model Economic Township", Sector 3, MET City, नामक औद्योगिक प्लॉटिड परियोजना (जिसका कुल क्षेत्रफल 258.44075 एकड + 3.69989 एकड = 262.14064 एकड है) जोकि औद्योगिक प्लॉटिड कॉलोनी का हिस्सा है एवम् राज्य राजमार्ग 15ए पर गाँव दादरी तोए, बीड़ दादरी एवं श्योजीपुरा, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में स्थित है, के लिए सप्लिमैंट्री रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट No. HRERA-7824 Dated 18.09.2026 प्रदान किया गया है, परियोजना के बैंक खातों का विवरण इस प्रकार है:

बैंक अकाउंट का नाम	:	अकाउंट नम्बर
Model Economic Township Ltd - 100% Master Account (Collection Account)	:	459405000042
Model Economic Township Ltd - 70% Escrow Account (Project Account)	:	459405000048
Model Economic Township Ltd - 30% Free Account	:	777705005437
बैंक अकाउंट की किस्म	:	Current Account
बैंक का नाम	:	ICICI Bank Limited
बैंक ब्रांच का पता	:	Reliance Met Ltd, Sector 5, Village Dadri Toye, On SH 15A, Jhajjar, Haryana 124515
आई.एफ.एस.सी. कोड नम्बर	:	ICIC0004594

यह सूचना हरियाणा रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण, पंचकूला द्वारा जारी निर्देशों की अनुपालना में जारी की गई है।

कृते मॉडल इकोनोमिक टाउनशिप लिमिटेड
दिनांक : 22.09.2026 प्राधिकृत हस्ताक्षरी

www.modeleconomictownship.com

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पाडरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआइ बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

स्वर्ण नीलामी एवं आमंत्रण सूचना

नीचे वर्णित कर्जदार(ों) को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से स्वर्ण आभूषणों के तहत प्राप्त किए गए ऋण के तहत बकाया देय राशि का भुगतान करने के लिये एक सूचना जारी की गई थी।

देय राशि के पुनर्भुगतान में विफल रहने की वजह से, गिरवीकृत स्वर्ण आभूषणों की नीलामी 22 अक्तूबर 2026 को आयोजित की जाएगी। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी नियम व शर्तें सम्बन्धित कानूनी वारिस(ों) के लिये लागू होंगी।

ऋण अकाउंट नम्बर	कर्जदार का नाम	नीलामी शाखा पता
शाखा का नाम : अम्बाला-अनाज मण्डी		आईसीआईसीआई बैंक लि., शॉप नं. 15, अनाज मण्डी, अंबाला सिटी, हरियाणा - 134003
432905000887	कोमल शर्मा	
शाखा का नाम : बराड़ा, हरियाणा		आईसीआईसीआई बैंक लि., पुलिस स्टेशन के सामने, मेन रोड, बराड़ा - 133202
359562001049	तरसेम कुमार	
शाखा का नाम : फरीदाबाद, बल्लभगढ़		आईसीआईसीआई बैंक लि., 21/5 मीलपत्थर मथुरा रोड, अग्रवाल वुड इंडस्ट्रीज, बल्लभगढ़, फरीदाबाद, हरियाणा-121004
140157000076	नारायण शर्मा	
शाखा का नाम : फरीदाबाद-एनआईटी		आईसीआईसीआई बैंक लि., शॉप नं. 5-ए, नेहरू ग्राउंड (नेहरू पार्क), एन.आई.टी. फरीदाबाद, हरियाणा-121001
102557000654	धीरज भाटिया	
102505007471	धर्मेन्द्र यादव	
शाखा का नाम : गन्नौर, हरियाणा		आईसीआईसीआई बैंक लि., प्लॉट नंबर 21, खेवट नंबर 46, खतौनी नंबर 60, देवी लाल चौक, गन्नौर मंडी, सोनीपत जिला, हरियाणा - 131100
359205001971	दीपक	
शाखा का नाम : गोहाना		आईसीआईसीआई बैंक लि., सी/ओ अमर फाइनेंस कं., वार्ड नंबर 7, तहसील रोड, गोहाना - 131301
062757000377	प्रवीन	
शाखा का नाम : गुड़गांव - पारस ट्रिनिटी		आईसीआईसीआई बैंक लि., यूनिट नंबर 108 से 111, प्रथम तल, पारस ट्रिनिटी, सेक्टर-63, गुरुग्राम, हरियाणा-122002
724157000015	अमित कुमार	
शाखा का नाम : गुड़गांव - सेक्टर-21		आईसीआईसीआई बैंक लि., यूनिट 05, सनसिटी ट्रेड टावर, ओल्ड दिल्ली गुड़गांव रोड, सेक्टर 21, गुड़गांव - 122013
370905001800	चांदनी विवेक शुक्ला	
370957000070	चांदनी विवेक शुक्ला	
शाखा का नाम : गुड़गांव - सेक्टर-86		आईसीआईसीआई बैंक लि., यूनिट नंबर 137, 138, 139, एसएस ओमिनिया, सेक्टर 86, गुड़गांव, हरियाणा - 122004
489557000046	शांतनु कुमार रस्तोगी	
489557000050	प्रहलाद सिंह	
489557000052	दीपक शर्मा	
शाखा का नाम : गुड़गांव - सेक्टर-17		आईसीआईसीआई बैंक लि., हुडा मार्केट, सेक्टर-17, गुड़गांव - 122001
346857000051	मनीषा जैन	
शाखा का नाम : गुरूग्राम - सेक्टर-5		आईसीआईसीआई बैंक लि., डीएसएस नंबर 48 में, हुडा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-5, गुड़गांव, जिला गुरुग्राम, हरियाणा-122001
776357000078	पिंकी	
शाखा का नाम : हांसी		आईसीआईसीआई बैंक लि., जींद रोड, जिला हिसार, हांसी, हरियाणा - 125033
184457000116	विनोद कुमार	
शाखा का नाम : हिसार - डिफेंस कॉलोनी		आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीएफ 28-29, डिफेंस कॉलोनी मार्केट, हिसार, हरियाणा - 125001
246157000077	माया माया	
शाखा का नाम : हिसार - शहरी सम्पदा		आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ-102, कमर्शियल अर्बन एस्टेट, पार्ट-II, दिल्ली रोड, हिसार, हरियाणा - 125005
661657000389	मनदीप सिंह	
661657000423	मेवा सिंह	
शाखा का नाम : कैथल - जीन्द रोड		आईसीआईसीआई बैंक लि., प्लॉट नंबर 1, मजिस्ट्रेट कॉलोनी, जींद रोड, कैथल, हरियाणा-136027
360257000063	पूजा पूजा	
शाखा का नाम : कुण्डली		आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ-33, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, एचएसआईआईडीसी, कुंडली, हरियाणा-131028
140557000076	महेश कुमार	
शाखा का नाम : कुण्डली - जी.टी. रोड		आईसीआईसीआई बैंक लि., शोरूम नंबर 1, गांव कुंडली का राजस्व सम्पदा, सोनीपत, हरियाणा - 131028
546057000028	राजेश राजेश	
शाखा का नाम : पंचकूला - सेक्टर-11		आईसीआईसीआई बैंक लि., शोरूम नंबर 6, सेक्टर 11, पंचकूला, हरियाणा - 134109
004357000692	विनोद कुमार शर्मा	
004305008624	प्रदीप यादव	
शाखा का नाम : पंचकूला - सेक्टर-7		आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीएफ 71, सेक्टर 7, पंचकूला-134109
341457000026	गौरव बतरा	
शाखा का नाम : पंचकूला - सेक्टर-2		आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीएफ 5, सेक्टर 2, अर्बन एस्टेट, पंचकूला, हरियाणा - 134112
251157000019	संत लाल	
251157000074	राहुल पाटिल पी	
शाखा का नाम : शाहबाद		आईसीआईसीआई बैंक लि., लाडवा रोड, निकट अनाज मण्डी, शाहाबाद, कुरुक्षेत्र जिला, हरियाणा-136135
073162002612	विक्रम कुमार	
शाखा का नाम : सोनीपत - गोहाना रोड		आईसीआईसीआई बैंक लि., गोहाना रोड, इंडियन कॉलोनी, सोनीपत, हरियाणा - 131001
545357000047	प्रियंका खरब	
शाखा का नाम : उचाना		आईसीआईसीआई बैंक लि., अग्रसेन चौक, निकट अनाज मंडी, उचाना, जिला जींद, हरियाणा - 126115
377262001633	नंद कुमार	
शाखा का नाम : उकलाना मण्डी, हरियाणा		आईसीआईसीआई बैंक लि., पंडित गौरी शंकर कॉम्प्लेक्स, ट्रेजरी रोड, उकलाना मंडी, जिला हिसार, हरियाणा-125113
360462001054	सुरेन्द्र सिंह	
शाखा का नाम : चण्डीगढ़ - मनीमाजरा		आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ 36, पॉकिट-I, एनएसी, मनीमाजरा, चंडीगढ़-160101
036257000121	हिमानी	
शाखा का नाम : हापुड़		आईसीआईसीआई बैंक लि., 1078, त्रिवेणी गंज, गढ़-दिल्ली रोड, हापुड़, उत्तर प्रदेश - 245101
245857000244	प्रशांत	
शाखा का नाम : मोहाली - सेक्टर-70		आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ-653, भू-तल एवं प्रथम तल, सेक्टर-70, एसएएस नगर (मोहाली), पंजाब-160071
167557000019	गुरमल्क कौर सेखों	
167557000020	गुरमल्क कौर सेखों	
शाखा का नाम : नई दिल्ली - मोहन कोऑपरेटिव इंड. एस्टेट		आईसीआईसीआई बैंक लि., बी1/I1, मोहन कोऑपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट, नई दिल्ली - 110044
135705004050	पीयूष गोयल	
शाखा का नाम : शाहजहांपुर (अलवर)		आईसीआईसीआई बैंक लि., मेन बस स्टैंड रोड, गांव-शाहजहांपुर, जिला-अलवर, राजस्थान- 301706
466105000117	मुकेश कुमार	

नीलामी ऊपर तालिका में वर्णित पते/पतों पर और तिथि/तिथियों को आयोजित की जाएगी। समय : अप. 3.00 बजे - अप. 6.00 बजे।
कृपया ध्यान दें कि आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी की तिथि/स्थान/नीलामी का मोड परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
इच्छुक पार्टियां नीलामी के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु उपरोक्त शाखा/शाखाओं में पधार सकते हैं।

दिनांक : 22.09.2026
स्थान : गुरूग्राम, अम्बाला, हिसार, सोनीपत, फरीदाबाद, कुरुक्षेत्र, पंचकूला, जीन्द, कैथल, हांसी, झज्जर, रेवाड़ी

भवदीय, हस्ता/- प्राधिकृत हस्ताक्षरी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

आइची नागोया एशियन गेम्स में एक बार फिर हरियाणा के खिलाड़ियों ने बढ़ाया देश का मान, बॉक्सिंग-कबड्डी में जीत से शुरुआत

शूटर हिमांशु के दो पदकों से जींद व कैथल में जश्न, बॉक्सिंग में चमका सुमित कुंडू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आइची नागोया एशियन गेम्स में एक बार फिर हरियाणा के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत कैटेगरी में जींद के हिमांशु ने दो रजत पदक जीत कर नाम रोशन किया। वहीं, भारतीय बॉक्सिंग अभियान की शुरुआत जींद जिले के गांव ढाकल के बॉक्सर सुमित कुंडू ने जीत के साथ की है।

10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में भारत की टीम ने रजत पदक अपने नाम किया। भारतीय टीम में रुद्राक्ष पाटिल, हिमांशु ढिल्लों व राकेश पार्थ शामिल रहे। इसके अलावा 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत कैटेगरी में भी जींद के गांव डाहौला निवासी हिमांशु ने रजत पदक जीता। हिमांशु ने अपने पहले एशियन गेम्स में ही दो रजत पदक हासिल किए। व्यक्तिगत फाइनल में हिमांशु ने 252.4 अंक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस तरह 10 मीटर एयर राइफल की व्यक्तिगत स्पर्धा में भारत ने एक साथ दो पदक हासिल किए। फाइनल से पहले हिमांशु ने क्वालीफिकेशन में 630.0 अंक बनाए और सातवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल के दौरान उन्होंने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और रजत अपने नाम किया।

जींद का शूटर हिमांशु ढिल्लों।

ओलंपिक में भी पदक लाएगा म्हारा छोरा

हिमांशु के चाचा संदीप ने कहा कि हिमांशु के रजत पदक जीतने पर घर में खुशी का माहौल है। हिमांशु के पिता शमशेर कैथल में रहते हैं और कृषि उत्पाद कंपनी में काम करते हैं। चाचा संदीप ने बताया कि हिमांशु से फोन पर बात हुई थी और उसे खूब शाबाशी दी। परिवार को उम्मीद है कि हिमांशु आगे भी इसी तरह अच्छा खेलेगा और ओलंपिक में भी पदक लाकर देश का नाम रोशन करेगा।

ढाकल के बॉक्सर सुमित कुंडू ने शानदार जीत के साथ की शुरुआत

पुरुषों के 70 किलोग्राम भार वर्ग में गांव ढाकल के बॉक्सर सुमित कुंडू ने अपने शुरुआती मुकाबले में थाइलैंड के बुंजोंग सिंसिरी को 5-0 से मात देकर अगले दौर यानी राउंड ऑफ 16 (प्री क्वार्टर फाइनल) में जगह बनाई। एशियन गेम्स के आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार सुमित कुंडू का मुकाबला 21 सितंबर को निस्शियो जिम्नेजियम में हुआ। सुमित कुंडू की इस जीत से ढाकल गांव ही नहीं बल्कि पूरे जींद और हरियाणा में खुशी का माहौल है। अगला मुकाबला 23 सितंबर को होगा। सुमित ने 2018 नेशनल स्कूल गेम्स और 2019 खेलो इंडिया गेम्स में स्वर्ण पदक जीता। वर्ष 2021 में उन्होंने अपने पदार्पण पर सीनियर नेशनल चैंपियनशिप का खिताब हासिल किया। 2022 में थाइलैंड ओपन में स्वर्ण पदक जीतने के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई और कामनवेल्थ गेम्स में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया।

कबड्डी में जीत पर जींद की पूजा का रहा नाम

महिला कबड्डी प्रतियोगिता के पहले मैच में भारत ने बांग्लादेश को 42-21 के अंतर से हराया। अब अगला मैच ईरान के साथ होगा। भारती महिला टीम में गांव हथवाला की पूजा रेडर के तौर पर खेलती है। भारतीय टीम की जीत में पूजा हथवाला का भी विशेष योदान रहा। पूजा ने दस से ज्यादा प्वाइंट अर्जित किए। अब अगला मुकालबा 23 सितंबर को होगा।

मैरीकॉम से प्रेरणा लेकर रोहतक की एमएमए फाइटर सुचिका ने जीता कांस्य

रोहतक। एशियाई खेलों में महिलाओं के 60 किग्रा मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) इवेंट में रोहतक की सुचिका तारियाल ने कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। एशियाई खेलों के 20वें संस्करण में पहली बार शामिल किए गए एमएमए खेल में यह भारत का पहला पदक है। हरियाणा के रोहतक जिले के किलोई गांव की रहने वाली सुचिका जिउ-जित्सु में वर्ल्ड चैंपियन रह चुकी हैं। सोमवार को खेले गए सेमीफाइनल में सिंगापुर की हुई हून टेओ के खिलाफ मुकाबला ड्रॉ रहा। वजन के आधार पर सुचिका को कांस्य मिला। उन्होंने कहा कि मुकाबला बराबरी का था, उन्होंने टेकडाउन मारे, आक्रामक खेल दिखाया और अपना 100 प्रतिशत दिया, लेकिन नतीजे से सहमत नहीं हूं। देश के लिए मेडल जीतने पर खुशी व्यक्त करते हुए सुचिका ने अपनी इस सफलता को जीवन का बड़ा क्षण बताया। उन्होंने साझा किया कि 6 बार की वर्ल्ड चैंपियन बॉक्सर मैरी कॉम उनकी आइडल हैं। उन्हें 2009-10 में भोपाल में लगे कैंप में दूर से देखकर ही सुचिका ने उनसे प्रेरणा ली थी। आर्थिक तंगी और खेल के महंगे होने के बावजूद उन्होंने मैदान नहीं छोड़ा।

खबर संक्षेप

अवैध तेल भंडारण करने पर पिकअप सहित एक आरोपी काबू

रेवाड़ी। सीआईए रेवाड़ी और थाना मॉडल टाउन की संयुक्त पुलिस टीम ने बावल रोड पर स्थित गांव भवाड़ी में चल रहे तेल के अवैध भंडारण और बिक्री के गोरखधंधे का पदार्फाश किया है। पुलिस टीम ने छापेमारी के दौरान मौके से लगभग 2100 लीटर पेट्रोल, 540 लीटर डीजल और 1300 लीटर केमिकल-थिनर सहित करीब 4000 लीटर तेल का जखीरा बरामद किया। मौके से 22 खाली ड्रम और पिकअप गाड़ी को भी जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी जितेन्द्र निवासी गांव भवाड़ी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे तीन दिन के रिमांड पर लिया है।

कुख्यात अपराधी 'नीटू' के अवैध मकान को तोड़ा

गुरुग्राम। धनवापुर क्षेत्र में पुलिस ने आदतन अपराधी अभिषेक उर्फ नीटू से जुड़े अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने करीब 50 वर्ग गज जमीन पर अवैध रूप से मकान का निर्माण कर रखा था। जिला प्रशासन के साथ मिलकर पुलिस ने बुलडोजर चलाकर निर्माण को ध्वस्त कर दिया। पुलिस के मुताबिक, धनवापुर गांव निवासी अभिषेक उर्फ नीटू आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ अलग-अलग थानों में हत्या, जानलेवा हमला, मारपीट, अवैध वसूली और जान से मारने की धमकी देने समेत कुल 9 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

रिश्वतखोरी के आरोप में रीडर ने किया सरेंडर

फतेहाबाद। ढाणी भोजराज में अंतरजातीय विवाह के बाद दर्ज एससी-एसटी एक्ट के मामले में कथित रिश्वतखोरी के आरोपों से घिरे तत्कालीन डीएसपी के रीडर रहे सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर दर्शन सिंह ने सोमवार को एसीजेएम गायत्री देवी की अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। अदालत ने आरोपी को दो दिन के रिमांड पर एसीबी को सौंप दिया। दर्शन सिंह की अग्रिम जमानत याचिका 10 सितंबर को हाईकोर्ट ने खारिज कर दी थी। इसके बाद सोमवार को अदालत में सरेंडर किया। जांच के लिए डीएसपी सोमवीर के नेतृत्व में एसआईटी भी गठित की गई है।

तिजारा नगर परिषद चेयरमैन चुनाव से पहले पार्षदों की बाडेबंदी

राजस्थान के 18 पार्षदों को पंचकूला में हिरासत में लेने के आरोप, थाने पर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

राजस्थान में चल रहे नगर परिषद चेयरमैन के चुनावों का हाईवोल्टेज ड्रामा रविवार रात से सोमवार सुबह तक हरियाणा में भी देखने को मिला। राजस्थान के तिजारा नगर परिषद चेयरमैन चुनाव से पहले रविवार रात 9 बजे कांग्रेस व निर्दलीय 18 पार्षदों को चंडीमंदिर (सूरजपुर) टोल प्लाजा पर रोक लिया गया। आरोप है कि पुलिस उन्हें मोरनी हिल्स में एक रिसॉर्ट में ले गई। इसकी सूचना मिलते ही कांग्रेसियों ने पिंजौर थाने के बाहर हंगामा कर दिया। नेताओं ने आरोप लगाया कि थाने का गेट नहीं खोला गया, जिसके बाद सोमवार सुबह 7 बजे थाने के बाहर धरना शुरू कर दिया गया। पुलिस कर्मचारियों से उनकी तीखी बहस भी हुई। हालांकि बाद में सोमवार अलसुबह पार्षदों को छोड़ दिया गया। वहीं, पार्षदों के पकड़े जाने के बाद तिजारा में वोटिंग का समय भी रात आठ बजे तक कर दिया गया। पूरे मामले पर पंचकूला डीएसपी रामकुमार ने कहा कि पुलिस ने किसी को नहीं रोका, पार्षद कहां थे इसकी जांच की जा रही है।

गौरतलब है कि तिजारा नगर परिषद में कुल 35 वार्ड में 31 निर्दलीय पार्षद जीतकर आए हैं, जबकि भाजपा के 3 और कांग्रेस का केवल एक ही पार्षद है। इसलिए जोड़तोड़ की राजनीति के चलते राजस्थान के पार्षदों को हिमाचल में रखा गया था। कांग्रेस नेता इमरान खान ने दावा किया कि बिना नंबर प्लेट/ढकी नंबर प्लेट वाली गाड़ियों में आए 25 पुलिसकर्मियों ने पार्षदों की बस और गाड़ियां रोकीं और उन्हें पिंजौर थाने ले गए। पुलिस ने पार्षदों की बस और सभी 8 गाड़ियों को पिंजौर थाने में खड़ा करवा दिया। हमारे सारे पार्षदों को मोरनी हिल्स के एक रिसॉर्ट में रखा गया था।

पंचकूला। पिंजौर थाने के बाहर धरने पर बैठे कांग्रेसी।

टोल पर लावारिस गाड़ियां मिली थी : एसएचओ

धरने पर बैठे कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजय चौहान ने बताया कि प्रशासन की ओर से एसएचओ राजेश कुमार ने उन्हें बताया है कि उन्हें नहीं पता कि पार्षद कहां गए। उन्हें तो टोल पर लावारिस गाड़ियां मिली हैं, जिन्हें लेकर वे थाने आए हैं। वहीं, पार्षदों के लापता होने पर उनके परिजनों ने तिजारा में प्रदर्शन किया।

रात 10 बजे पहुंचे पार्षद कांग्रेस के रामावतार सैनी बने चेयरमैन

तिजारा नगर परिषद में कांग्रेस के रामावतार सैनी ने चेयरमैन का चुनाव जीत लिया। कांग्रेस प्रत्याशी सैनी को 18 वोट मिले, जबकि भाजपा के सुभाष सैनी को 16 वोट मिले। हरियाणा के पंचकूला व अंबाला में फंसे कांग्रेस पार्षद सोमवार रात करीब 10 बजे तिजारा पहुंचे और कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान किया। इसके बाद रिजल्ट घोषित कर दिया गया, जिसमें कांग्रेस को जीत हासिल हुई।

खाद के लिए थाने के बाहर लगी लाइन

फतेहाबाद/भूना। गेहूं की बिजाई शुरू होने से पहले ही डीएपी खाद को लेकर किसानों में मारामारी मची हुई है। सोमवार को भूना के कुलां रोड स्थित इफको किसान सेवा केंद्र पर डीएपी के 2400 बैग पहुंचते ही किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मौके पर पुलिस बुलानी पड़ी। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए भूना पुलिस थाने के बाहर किसानों की लंबी कतारें लगवाकर पुलिस की निगरानी में टोकन काटे गए। इसके बाद जाकर कुछ व्यवस्था बन सकी।

4.30 करोड़ की हेरोइन के साथ 2 काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नूंह

जिले में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत तावडू सीआईए ने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो नशा तस्करों को 2 किलो 125 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अरबाज पुत्र हाकमदीन निवासी नानुका, जिला नूंह तथा सलीम पुत्र कमरुदीन निवासी खेड़ी, जिला खैरथल राजस्थान के रूप में हुई है। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 4 करोड़ 30 लाख रुपये बताई जा रही है।

प्रेस वार्ता में एसपी डॉ. अर्पित जैन ने बताया कि तावडू सीआईए प्रभारी प्रदीप कुमार के नेतृत्व में एक टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली थी कि दो सक्रिय नशा तस्कर एक काले रंग की क्रेटा कार में हेरोइन लेकर रंगाला घाटी के रास्ते नानुका की ओर आने वाले हैं। रंगाला घाटी के पास नाकाबंदी की। इसी दौरान संदिग्ध क्रेटा कार पुलिस को देखकर तेज गति से भागने का प्रयास करने लगी और पुलिस की सरकारी गाड़ियों को टक्कर मार दी। इसके बाद पुलिस टीम ने घेराबंदी कर वाहन को रोक लिया और दोनों आरोपियों को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान चालक सीट के पीछे छिपाकर रखे गए 40 पैकेट बरामद हुए। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें दो दिन पुलिस रिमांड पर लिया गया है। अब उनसे पूछताछ कर हेरोइन की सप्लाई चेन, खरीद-फरोख्त के नेटवर्क और इस मामले से जुड़े अन्य संभावित आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड आज से होंगे डाउनलोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष शंकर लाल धूपड़ व सचिव दीपक बाबुलाल करवा ने बताया कि शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित करवाई जाने वाली सेकेंडरी/सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) परीक्षा अक्तूबर-2026 के प्रवेश-पत्र (एडमिट कार्ड) 22 सितंबर से बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। परीक्षार्थी अपना रंगीन प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाइट दिए गए लिंक से पिछला अनुक्रमांक/नाम, पिता का नाम, माता का नाम/रजिस्ट्रेशन नंबर भरते हुए बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। पूरक परीक्षाएं 1 अक्तूबर से 22 अक्तूबर, 2026 तक संचालित हो रही हैं। परीक्षा का समय दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक रहेगा। इस परीक्षा में 140 परीक्षा केन्द्रों पर लगभग 39537 परीक्षार्थी प्रविष्ट होंगे, जिनमें 25646 छात्र व 13891 छात्राएं शामिल हैं। उन्होंने आगे बताया कि सेकेंडरी (शैक्षिक) परीक्षा में 8462 परीक्षार्थी तथा सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक) परीक्षा में 7647 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इसी प्रकार सेकेंडरी (मुक्त विद्यालय) की परीक्षा में 8850 परीक्षार्थी तथा सीनियर सेकेंडरी की परीक्षा में 14578 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

हरियाणा के 514 निजी स्कूलों को एक साल का संबद्धता विस्तार दिया हिसार में सर्वाधिक 66 स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा विद्यालय शिक्षा विभाग ने प्रदेश के 21 जिलों के 514 निजी स्कूलों को शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए वर्ष-दर-वर्ष आधार पर अस्थायी संबद्धता विस्तार देने का फैसला किया है। इनमें सबसे अधिक 66 स्कूल हिसार, 59 रोहतक, 49 फरीदाबाद और 46 यमुनानगर जिले के हैं। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी आदेश के साथ सभी 514 स्कूलों की जिलेवार सूची जारी की गई है। सूची में प्रत्येक स्कूल के लिए स्थायी और अस्थायी संबद्धता की कक्षा तथा वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों के मामले में कला, वाणिज्य और विज्ञान संकाय की स्थिति भी दर्ज की गई है। जिलेवार देखें तो अंबाला के 6, भिवानी के 39, फरीदाबाद के 49, फतेहाबाद के 7, गुरुग्राम के 22, हिसार के 66, झज्जर के 21, जींद के 39, करनाल के 23, कैथल के 13, कुरुक्षेत्र के 8, महेंद्रगढ़ के 8, पानीपत के 31, रेवाड़ी के 2, रोहतक के 59, सिरसा के 16, सोनीपत के 25, यमुनानगर के 46, नूंह के 3, पलवल के 28 और चरखी दादरी के 3 स्कूल सूची में शामिल हैं। आदेश के मुताबिक, सूची में शामिल निजी स्कूलों को 2026-27 में विद्यार्थियों का दाखिला जारी रखने की अनुमति तभी मिलेगी, जब वे पिछले शैक्षणिक सत्र 2025-26 में बोर्ड से संबद्ध रहे हों। स्कूलों को पिछली संबद्धता का वैध प्रमाण भी देना होगा।

फरीदाबाद के ईएसआईसी अस्पताल में 400 रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर

डॉक्टरों का मेडिकल बेनिफिट कार्ड बनवाने की मांग

फरीदाबाद। ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में रेजिडेंट डॉक्टरों ने सोमवार को हड़ताल कर दी। मेडिकल बेनिफिट कार्ड नहीं बनने और इलाज की सुविधा नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए डॉक्टरों सहित करीब 400 रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर चले गए। डॉक्टरों का कहना है कि जब तक उन्हें सभी मेडिकल बेनिफिट देने का लिखित आश्वासन नहीं मिलता, तब तक हड़ताल खत्म नहीं की जाएगी। हड़ताल की वजह से ओपीडी, आईपीडी के साथ इमरजेंसी और आईसीयू में भी मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मामले के अनुसार, 19 सितंबर को अस्पताल के जनरल सर्जरी विभाग में रेजिडेंट डॉक्टर विवेक जांगड़ा की ओटी में अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। आरोप है कि तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में मेडिकल सुविधाओं का लाभ लेने में परेशानी हुई, क्योंकि उनका मेडिकल बेनिफिट कार्ड नहीं बना था। डॉक्टरों का आरोप है कि उस समय उन्हें जरूरी चिकित्सा सुविधा, एंबुलेंस और विशेषज्ञ डॉक्टर समय पर उपलब्ध नहीं हो सके। डॉक्टरों का कहना है कि जब अस्पताल में काम करने वाले डॉक्टर को ही जरूरत के समय उपचार और जरूरी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं तो व्यवस्था को लेकर गंभीरता से विचार किए जाने की जरूरत है। डॉक्टर की हालत बिगड़ती गई तो परिवार के लोग उन्हें निजी अस्पताल लेकर गए। वहां ऑपरेशन कराया गया।

नौ वर्षीय बच्ची से चाकू दिखाकर दुष्कर्म, हिरासत में नाबालिग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

बयाना चौकी क्षेत्र में नौ वर्षीय बच्ची को चाकू दिखाकर डराने और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप में पुलिस ने एक नाबालिग को पकड़ लिया है। घटना 19 सितंबर की रात की बताई जा रही है।

बच्ची की बहन ने पुलिस को बताया कि रात करीब आठ बजे उसकी छोटी बहन घर लौटी। बच्ची ने बताया कि वह अपनी सहेलियों को तलाशते हुए गांव के सरकारी स्कूल की ओर गई थी। वहां आरोपित पहले से मौजूद था। आरोप है कि उसने बच्ची को अकेला देखकर पकड़ लिया और चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उसके साथ गलत काम किया। बच्ची के शोर मचाने का प्रयास करने पर आरोपित ने उसका मुंह दबा दिया और चाकू से हत्या करने की धमकी दी। घर पहुंचने के बाद बच्ची ने परिजनों को जानकारी दी।

जंगल में मधुमक्खियों के हमले से युवक की मौत

कालका। पिंजौर क्षेत्र में मधुमक्खियों के हमले से 27 साल के एक युवक की मौत हो गई है। मृतक की पहचान राजकुमार (27) पुत्र मनवीर सिंह के रूप में हुई है। वह गांव रामपुर सीयूडी स्थित लेबर कॉलोनी का रहने वाला था। परिजनों के मुताबिक, 18 सितंबर को राजकुमार अपने 2 दोस्तों के साथ एचएमटी के जंगलों में लकड़ी लेने गया था। इसी दौरान मधुमक्खियों ने तीनों पर हमला कर दिया। इस हमले में राजकुमार घायल हो गया। घटना के बाद उसे इलाज के लिए पंचकूला सेक्टर-6 के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखकर उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। पीजीआई में इलाज के दौरान राजकुमार की मौत हो गई। वह अपने पीछे 2 छोटे बेटों को छोड़ गया है।

फैसला हिसार के आर्यनगर में लव मैरिज को लेकर पंचायत, ग्रामीणों ने सुनाया फरमान

गांव में ही प्रेम विवाह करने वालों व सहयोगियों का होगा बहिष्कार

- गांव की गांव में कई प्रेम विवाह होने पर पंचायत ने लिया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा की ससुराल आर्यनगर गांव में प्रेम विवाह को लेकर ग्रामीणों ने कड़ा सामूहिक फैसला लिया है। रविवार को हुई पंचायत में ग्रामीणों ने तय किया कि गांव का कोई युवक-युवती आपस में प्रेम विवाह करता है तो उसका सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा और ऐसे जोड़े को गांव में रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

इतना ही नहीं, लव मैरिज करने वालों का साथ देने वाले परिजनों और अन्य लोगों के सामाजिक बहिष्कार की भी बात कही गई है। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में पिछले कुछ समय में ऐसे तीन-चार मामले सामने आने के बाद पंचायत बुलाई गई थी। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत में करीब एक हजार लोग शामिल हुए और फैसला पूरे गांव की सहमति से लिया गया। आर्यनगर निवासी भाजपा नेता हनुमान वर्मा ने बताया कि पंचायत कुलवंत खोसला की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने कहा कि गांव के युवक-युवती को आपस में शादी नहीं करने के लिए समझाया जाएगा। ग्रामीणों का तर्क है कि जब गांव के किसी युवक की शादी दूसरे गांव में की जाती है तो वहां यह जानकारी ली जाती है कि उस गांव में उनके गांव की कितनी बेटियां हैं। गांव की हर बेटी को अपनी बेटी मानने की परंपरा है। उन्होंने कहा कि गांव में एक नई परंपरा शुरू हो रही है, जिसे रोकने के लिए ग्रामीणों ने एकजुट होकर फैसला लिया है। ग्रामीण बिरजू राम ने बताया कि पंचायत में पूरा गांव मौजूद था और करीब एक हजार लोग जुटे थे। उन्होंने कहा कि पहले भी गांव में तीन-चार युवक-युवतियों द्वारा आपस में शादी किए जाने के मामले सामने आ चुके हैं। उनके अनुसार सोमवार को भी पुलिस गांव आई थी और लव मैरिज करने वाले एक युवक को अपने साथ ले गई।

हिसार। प्रेम विवाह को लेकर पंचायत में उपस्थित आर्यनगर के ग्रामीण।

घर-घर सर्वे के लिए कमेटी बनाने की तैयारी

ग्रामीण भजनलाल ने बताया कि आने वाली पीढ़ी को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। सामाजिक ताना-बाना बनाए रखने के लिए कमेटी गठित की जाएगी और घर-घर जाकर सर्वे किया जाएगा। इसमें ग्रामीणों से फैसले को लेकर उनकी राय ली जाएगी। हाल में लव मैरिज करने वाले युवक-युवती के परिजन भी पंचायत में पहुंचे थे। उन्होंने ग्रामीणों के सामने कहा कि बच्चों के फैसले में उनकी कोई भूमिका नहीं थी।

युवाओं को जागरूक करेंगे : सरपंच

गांव में रविवार को पंचायत हुई थी, जिसमें गांव आर्य नगर में ही लड़का लड़की द्वारा लव मैरिज के खिलाफ फैसला लिया गया है। यह फैसला गांव में सामाजिक भाईचारा और माहौल खराब न हो, इसलिए लिया गया है। गांव की गांव में लव मैरिज के खिलाफ युवाओं को जागरूक किया जाएगा। इसके बाद भी कोई नहीं मानता है तो वह भुगतेगा। यह फैसला भविष्य में गांव की गांव में लव मैरिज करने वालों पर लागू होगा।

- **रतन टाक**, सरपंच, आर्य नगर।

महिला की हत्या पर मौसा मौसी समेत 6 को उम्रकैद

- जमीन विवाद में केस दर्ज करवाने पर गर्दन काटकर की थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

अदालत ने महिला की गर्दन काटकर हत्या करने के मामले में सोमवार को छह दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषियों पर डेढ़ लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

मामले के अनुसार, सिरसा निवासी अमृतपाल कौर की जमीनी विवाद को लेकर 29 अप्रैल 2022 को हत्या कर दी गई। अमृतपाल कौर का अपने मौसा पप्पू सिंह और मौसी किरना रानी के साथ गांव में मकान बनाने को लेकर विवाद चल रहा था। अमृतपाल कौर ने इस विवाद को लेकर मौसा के परिवार के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था। इसी रंजिश के चलते पप्पू सिंह, उसकी पत्नी किरना रानी, बेटे जसविंदर सिंह, दामाद नवदीप, राजू तथा गांव के रहने वाले सुरेंद्र सिंह पर हत्या में शामिल होने के आरोप लगाए गए। घटना वाले दिन अमृतपाल कौर अपनी बेटी के साथ घर लौट रही थी। रास्ते में आरोपियों ने हमला किया। आरोपियों ने महिला की गर्दन पर तेजधार हथियारों से कई वार किए, जिससे उसकी मौत हो गई। फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश डॉ. नरेश सिंघल ने मामले में छह आरोपियों को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने मृतका की नाबालिग बेटी के लिए दो लाख रुपये गुजारा भत्ता देने का आदेश भी दिया है।

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री गोयल ने भारत-न्यूजीलैंड समझौते की दी जानकारी

20 अक्टूबर से सस्ती मिलेगी वाइन, 95% सामानों की गिरेगी कीमत, एफटीए से राहत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुआ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफसीए) 20 अक्टूबर 2026 से लागू हो जाएगा। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने इसकी जानकारी दी। इस समझौते का मकसद दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ाना, भारतीय सामान के लिए न्यूजीलैंड का बाजार खोलना है। गोयल ने कहा कि यह समझौता अगले 15 वर्षों में न्यूजीलैंड से भारत में 20 अरब अमेरिकी डॉलर के बड़े निवेश का रास्ता भी खोलता है।

इस समझौते के तहत न्यूजीलैंड से भारत आने वाले करीब 95 प्रतिशत सामान पर इंपोर्ट ड्यूटी खत्म या काफी कम हो जाएगी। इनमें न्यूजीलैंड की मशहूर वाइन, कीवी और सेब जैसे उत्पाद शामिल हैं। वहीं भारत से न्यूजीलैंड जाने वाले सभी सामान को ड्यूटी-फ्री बाजार पहुंच मिलेगी यानी भारतीय कंपनियों के लिए न्यूजीलैंड में अपने उत्पाद बेचने का रास्ता आसान होगा।

अमेरिका के साथ तनाव के बीच भारत की बड़ी रणनीति

भारत और न्यूजीलैंड का यह समझौता ऐसे समय हो रहा है जब भारत और अमेरिका के बीच व्यापार को लेकर तनाव बना हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 100 प्रतिशत तक अतिरिक्त टैरिफ लगाने का अधिकार देने वाला कानून पारित हुआ है। अमेरिका अभी भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। ऐसे में भारत लगातार दूसरे देशों में अपने निर्यात के लिए नए बाजार तलाश रहा है। ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौतों के बाद न्यूजीलैंड के साथ एफटीए भी इसी दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

समझौते से क्या बदलेगा?

न्यूजीलैंड से भारत आने वाले करीब 95 प्रतिशत सामान पर लगने वाली इंपोर्ट ड्यूटी खत्म या काफी कम हो जाएगी। जिसमें इसमें शराब, कीवी फल और सेब जैसे उत्पाद शामिल हैं। दूसरी तरफ भारत के सभी सामान को न्यूजीलैंड में बिना ड्यूटी के प्रवेश मिलेगा। भारतीय छात्रों और कामगारों के लिए न्यूजीलैंड जाने और वहां काम करने के नियम आसान किए जाएंगे। न्यूजीलैंड अगले 15 साल में भारत में 20 अरब डॉलर निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध है।

- समझौते का मकसद दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ाना
- sभारतीय सामानों के लिए न्यूजीलैंड का बाजार खोलना व निवेश बढ़ाना
- न्यूजीलैंड से आने वाले सामान करीब 95 फीसदी इंपोर्ट ड्यूटी फ्री होंगे

2030 तक व्यापार दोगुना करने का लक्ष्य

भारत और न्यूजीलैंड ने दोनों देशों के बीच व्यापार को 2030 तक दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। जून 2026 तक के 12 महीनों में दोनों देशों के बीच करीब 2.3 अरब डॉलर का व्यापार हुआ था। न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टॉड मैक्ले ने कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया में व्यापार को लेकर अनिश्चितता बढ़ रही है और कई देशों में टैरिफ बढ़ रहे हैं भारत और न्यूजीलैंड ने ऐसा समझौता किया है जो दोनों देशों के कारोबार के लिए फायदेमंद हो सकता है।

भारत-कनाडा व्यापार समझौते पर वार्ता का अगला दौर पांच अक्टूबर से

गोयल ने सोमवार को कहा कि भारत और कनाडा के बीच व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) को लेकर बातचीत आगे बढ़ रही है और वार्ता का अगला दौर पांच अक्टूबर से शुरू होगा। गोयल ने यहां कहा, ''अगले 90 दिन भारत-कनाडा संबंधों के लिए बहुत महत्वपूर्ण अवधि होने जा रहे हैं।'' दोनों देशों के बीच सीईपीए वार्ता का चौथा दौर 18 सितंबर को नयी दिल्ली में संपन्न हुआ। दोनों देश इस साल के अंत तक बातचीत पूरी करने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं, जिसके चलते वार्ता की गति तेज की गई है।

भारत से दवाएं, लौह एवं इस्पात व इलेक्ट्रॉनिक सामान शामिल

गोयल ने कहा, ''दोनों पक्षों ने बातचीत को तेजी से आगे बढ़ाने का फैसला किया है। इसी के तहत हमारा दल पांच अक्टूबर को पांचवें दौर की वार्ता के लिए जाएगा।'' कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू पिछले सप्ताह गोयल के साथ बातचीत के लिए मुंबई आए थे। भारत से कनाडा को होने वाले प्रमुख निर्यात में दवाएं, लौह एवं इस्पात, समुद्री उत्पाद, सूती परिधान, इलेक्ट्रॉनिक सामान और रसायन शामिल हैं। वहीं, कनाडा से भारत मुख्य रूप से दालें, मोती और कोयला, उर्वरक, कागज और कच्चे तेल का आयात करता है।

मनीव्यू का 1,092 करोड़ का आईपीओ 24 को खुलेगा

नई दिल्ली। डिजिटल ऋण मंच मनीव्यू लिमिटेड 24 सितंबर को अपना 1,092 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी कर रही है। कंपनी ने सोमवार को बताया कि आईपीओ के लिए 32 से 34 रुपये प्रति इक्विटी शेयर का मूल्य दायरा तय किया गया है।

रुपया 15 पैसे की बढ़त के साथ 95.81 प्रति डॉलर

मुंबई। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और वैश्विक स्तर पर जोखिम लेने की धारणा में सुधार के बीच अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया सोमवार को 15 पैसे मजबूत होकर 95.81 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। बाजार में अमेरिका और ईरान के बीच कूटनीतिक बातचीत की उम्मीद से भी धारणा बेहतर हुई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और अमेरिका-ईरान के बीच कूटनीतिक बातचीत की उम्मीद से रुपया मजबूत हुआ। घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और अमेरिकी बॉण्ड पर प्रतिफल में नरमी ने भी रुपये को समर्थन दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.86 प्रति डॉलर पर खुला।

सेंसेक्स 564 अंक चढ़ा; निफ्टी में लगातार चौथे दिन तेजी

मुंबई (भाषा)। कच्चे तेल के दाम में नरमी के बीच घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को तेजी रही और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 564 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी लगातार चौथे दिन लाभ में रहा और 68 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, कच्चे तेल में नरमी के अलावा विदेशी पूंजी प्रवाह बढ़ने और वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख से घरेलू बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 564.03 अंक यानी 0.76 प्रतिशत चढ़कर 74,858.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 692.44 अंक चढ़कर 74,987.40 अंक तक पहुंच गया था। इसी तरह, 50 शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी लगातार चौथे दिन बढ़त में रहा और यह 67.90 अंक यानी 0.29 प्रतिशत चढ़कर 23,414.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर सबसे ज्यादा 4.11 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा, एचसीएल टेक, इटर्नल, टाइटन, आईटीसी और टेक महिंद्रा भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, इन्फोसिस और अदाणी पोर्ट्स शामिल हैं।

सोना 200 रुपये टूटा और चांदी 5,000 रुपये लुढ़की

नई दिल्ली (एजेंसी)। नए सप्ताह की शुरुआत सोने के लिए कमजोर रही। सोमवार को राजधानी के सर्राफा बाजार में वैश्विक बाजार के कमजोर रुझानों और रुपये में मजबूती के कारण सोने की कीमत 200 रुपये टूटकर 1,56,400 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,56,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, चांदी की कीमतों में भी बड़ी गिरावट आई और यह 5,000 रुपये टूटकर 2.42 लाख रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई। पिछले सत्र में चांदी 2.47 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। ब्रोकरेज मंच लेमन के शोध प्रमुख गौरव गर्ग ने कहा कि सोना और चांदी अलग-अलग दबाव के बीच फंसे रहे। फेडरल रिजर्व के अधिकारियों के सख्त बयानों और महंगाई की चिंता ने बॉण्ड प्रतिफल और डॉलर को मजबूत बनाए रखा।

- सोना कमजोर रुझान के साथ 1,56,400 रुपए प्रति 10 ग्राम

यूपीआई पर अभी कुछ और साल शुल्क नहीं लेना चाहिए : नीति आयोग

नई दिल्ली (एजेंसी)। नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने सोमवार को सरकार को सुझाव दिया कि उसे कम से कम कुछ और वर्षों तक यूपीआई लेनदेन पर शून्य शुल्क की व्यवस्था जारी रखनी चाहिए और उसके बाद इसकी समीक्षा करनी चाहिए। कुमार ने कहा कि वह किसी भी मूल्य के यूपीआई लेनदेन के लिए कारोबारियों से शुल्क लेने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को यूपीआई को व्यापक सकारात्मक प्रभाव वाला सार्वजनिक उपक्रम मानना चाहिए। कुमार ने कहा, ''यह कदम नकदी के इस्तेमाल की ओर वापस लौटने की बहुत बड़ी संभावना पैदा करता है। छोटे से शुल्क से भी इस प्रतिगामी व्यवहार को बढ़ावा मिलेगा। कुमार ने कहा, ''फिलहाल अच्छी व्यवस्था को जारी रखने के लिए यथास्थिति बनाए रखना बेहतर होगा।''

भारतीय बैंकों के लिए नकदी की उपलब्धता बढ़ी : एसएंडपी

नई दिल्ली (एजेंसी)। वित्तीय शोध और साख निर्धारित करने वाली एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने सोमवार को कहा कि अमेरिकी डॉलर आकर्षित करने के लिए विशेष जमा योजना के तहत जुटाई गई 127 अरब डॉलर की राशि भारतीय बैंकों के लिए 'बड़ी राहत' है। इससे वित्तपोषण की तंग स्थिति आसान हुई है और नकदी की उपलब्धता बढ़ी है। बैंकों ने आठ जून से 31 अगस्त, 2026 के बीच विदेशी मुद्रा प्रवासी-बैंक (एफसीएनआर-बी) खातों के जरिये रिकॉर्ड 127 अरब डॉलर की जमा राशि जुटाई। एसएंडपी ने कहा कि यह राशि 31 मार्च, 2026 तक बैंकों में जमा राशि का करीब 4.5 प्रतिशत है। रेटिंग एजेंसी ने कहा, ''भारतीय बैंकों को इससे बड़ी राहत मिली है। अनुकूल दरों ने देश के प्रवासी समुदाय को बड़ी मात्रा में जमा राशि वापस भारत भेजने के लिए प्रेरित किया। हम इसे व्यापक रूप से सकारात्मक मानते हैं।'' इससे वित्तपोषण की तंग स्थिति सुगम हुई है। पिछले चार साल से कर्ज वृद्धि, जमा वृद्धि से अधिक रही है।''

ज्योतिष

कहते नहीं करके दिखाते है
सभी समस्याओं का समाधान
जैसा चाहोगे करके दूगां
कारोबार, प्यार में परेशानी, दुश्मन से छुटकारा, गृहक्लेश, पति-पत्नी के झगड़े, लव मैरिज, प्रोपटी, कोर्ट केस, किया कराया, जादू टोना, मनचाही इच्छा
A to Z समस्या का समाधान
स्पेशलिस्ट: मनचाहा प्यार, प्रेम-विवाह
पंडित पी. के. शास्त्री
हमारे किये हुए काम को कोई ज्योतिष, पंडित या मौलवी काट दे तो उसे मुंह मांगा ईनाम।
काम ना होने पर पैसे वापस
+91 99974 92579

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

राशिफल

मेष मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

वृष पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

मिथुन संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

कर्क आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

सिंह आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

कन्या मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

तुला आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

वृश्चिक मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

धनु आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

मकर मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

कुंभ मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

मीन मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर पालिका महम	एम.सी. महम के सभी वार्डों में स्ट्रीट लाइट्स का रखरखाव (निविदा आईडी 2026_HRY_549052_1)	18.09.2026 25.09.2026	डीएनआईटी के अनुरूप	https://etenders.hry.nic.in	9992861958 secretarymcmeham@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/49475/I/88/6 दि. 21.09.26

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर निगम रोहतक	एम.सी. रोहतक के एक वर्ष के लिए पुराने और नये डेयरी परिसरों में ड्रेन्स की गाद निकालने का आकलन।	18.09.2026 25.09.2026	24.97 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9467717422 [illegible]

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/49477/I/88/6 दि. 21.09.26

हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	पुराना संदर्भ / एनआईटी सं.	शुद्धिपत्र की प्रकृति	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	दि रोहतक सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लि., एचडीडीसीएफ लि. की एक इकाई	2026_HBC_546725_1	तिथि बढ़ाई गई 25.09.2026 अप. 2.00 बजे तक, खुलना 26.09.2026 पूर्वा. 11.00 बजे।	www.vitaindia.org.in	9896401185 vitarchtak@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/49482/I/88/6 दि. 21.09.26

बिहार सरकार

समाहरणालय, लखीसराय
(जिला विधि शाखा)
दूरभाष :06346-232124(कार्या०)06346-232490(आ०) फैक्स:06346-232767 ई-मेल: dm-lakhisarai.bih@nic.in

अति अल्पकालीन वाहन स्वामी के लिए आवश्यक सूचना

एतद द्वारा निम्नांकित वाहन के स्वामी को सूचित किया जाता है कि लखीसराय जिलान्तर्गत थाना काण्ड/उत्पाद वादों में राज्यसात किये गये/राज्यसात हेतु प्रक्रियान्तर्गत वाहन को बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद नियमावली 2022 के नियम 12A के तहत सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अन्दर अर्थदंड देकर वाहन मुक्त करा सकते हैं। निर्धारित अवधि के भीतर उपर्युक्त प्रक्रिया पूर्ण नहीं किये जाने पर वाहन की नीलामी/राज्यसात की कार्रवाई की जायेगी।

क्र० सं०	उत्पाद/थाना वाद संख्या	थाना का नाम (वाहन अभिरक्षा स्थल)	सम्पहरण (उत्पाद) वाद संख्या	वाहन का प्रकार	वहन का निबंधन सं०/इंजन सं०/चेचिस सं० की विवरणी	वाहन मालिक का नाम
01	उत्पाद कोर्ट केश सं०-98C2/26,दि०-12.02.26	उत्पाद थाना, लखीसराय	53/26	मोटर साईकिल	HR-51AU-0945, चेचिस सं०-ME4JC36KMC7142601, इंजन सं०-JC36E7412574	राजू कुमार,पे०-दशरथ राम, सा०-डबुआ कॉलोनी सब्जी मंडी (दुकान सं०-62), थाना+जिला-फरीदाबाद,

वरीय उपसमाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लखीसराय

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.012061 (LAW) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से व.मं.यां. अभि./कै. एवं वै. अम्बाला के द्वारा ई टेंडर संख्या **116S-WC-30-MC-4-2026-27** के अंतर्गत खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसके बंद होने की तिथि व समय **14.10.2026, 11:00** है, जो उसी दिन **11:05 बजे** वेबसाइट पर खोले जाएंगे। इस निविदा के अंतर्गत मनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से सम्बंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

ई निविदा सूचना सं. - 116S-WC-30-MC-4-2026-27

क्र. सं.	कार्य का नाम	एटवरटाईजड वैल्यू	धरोहर राशि	कार्य की अवधि	निविदा खुलने की तिथि
1	चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 1 से 6 पर CAMTECH पैटर्न के अनुसार क्विक वाटरिंग सिस्टम की व्यवस्था	Rs. 6,33,21,234.80	Rs. 12,66,400	12 माह	14.10.2026

नोट: 1. टेंडरर द्वारा निविदा दस्तावेज के साथ सभी संबंधित दस्तावेजों को अपलोड करना आवश्यक है। 2. निविदा सूचना / निविदा दस्तावेज की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें।
सं.: 116S-WC-30-MC-4-2026-27 दिनांक: 21.09.2026 3267/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सार्वजनिक सूचना

GMSPS झोलरी (स्कूल कोड-16774), जिला रेवाड़ी के जर्जर भवन के दो कमरे, बरामदे सहित की निलामी हेतु योग्य और रजिस्टर्ड निवेदक बोलीदाताओं को दिनांक 30.09.2026 को प्रातः 11 बजे स्कूल प्रांगण में वांछित दस्तावेजों सहित आमंत्रित किया जाता है। निर्धारित दरों की 25 प्रतिशत सिक्योरिटी राशि उसी दिन नकद, चैक या डीडी के माध्यम से जमा करवानी होगी व जर्जर भवन को निर्धारित समय सीमा में तोड़ना होगा।

SMC- GMSPS Jholri
Block Nahar, Distt. Rewari
Contact No. 9416487112, 9812374777

SMSGGPS कोसली (स्कूल कोड़ - 16745) जिला रेवाड़ी

सार्वजनिक सूचना

स्कूल के जर्जर भवन के 3 कमरे डबल स्टोरी बरामदे सहित की नीलामी हेतु योग्य और रजिस्टर्ड निवेदक बोलीदाताओं को दिनांक 30.09.2026 को प्रातः 11 बजे स्कूल प्रांगण में वांछित दस्तावेजों सहित आमंत्रित किया जाता है। निर्धारित दरों की 25 प्रतिशत सिक्योरिटी राशि उसी दिन नकद, चैक या डीडी के माध्यम से जमा करवानी होगी व जर्जर भवन को निर्धारित समय सीमा में तोड़ना होगा।

SMC SMSGGPS, KOSLI, BLOCK NAHAR, DISTT. REWARI
Contact no. 9671996024, 9466792156

GPS बास (स्कूल कोड़ - 16791) जिला रेवाड़ी

सार्वजनिक सूचना

स्कूल के जर्जर भवन के चार कमरे, बरामदे सहित की नीलामी हेतु योग्य और रजिस्टर्ड निवेदक बोलीदाताओं को दिनांक 30.09.2026 को प्रातः 11 बजे स्कूल प्रांगण में वांछित दस्तावेजों सहित आमंत्रित किया जाता है। निर्धारित दरों की 25 प्रतिशत सिक्योरिटी सारी उसी दिन नकद, बैंक या डी डी के माध्यम से जमा करवानी होगी व जर्जर भवन को निर्धारित समय सीमा में तोड़ ना होगा।

SMC GPS, Bass, जिला रेवाड़ी, ब्लाक - नाहड़
संपर्क नंबर: 9416169343, 9996202125

GOVT. OF MAHARASHTRA
PUBLIC WORKS DEPARTMENT
P. W. Division No. I Nagpur
INVITATION FOR TENDERS
e-mail div1nagpur.ee@mahapwd.gov.in
E-Tender Notice No 31/2026-27

Online tenders in B-1 are invited by the Executive Engineer, Public Works Division No. 1. Nagpur for the following work from the Contractors who satisfy the Qualifying Criteria. The name of work, estimated cost, time limit for completion etc. are as under.

SR. No.	Name of Work	Estimated cost (Rs. In lakh)	Cost of Blank Tender Form	Time limit in Tender (Calendar Months)
1	Construction of New Administrative Building No.3 (G+8) including Electrification, in theCompound of Old Secretariats Building,Nagpur.	4768.46	3540/-	24 Months

1. Detailed tender notice can be seen on website https://mahatenders.gov.in. https://mahapwd.gov.in
2. Detailed tender notice can be seen on the Notice Board in the office of the undersigned.
3. Right is reserved to reject any or all tenders without assigning any reason thereof.
4. In this Tender Notice, Tender downloading, Tender opening etc information available on web site.
5. The bidder shall submit the hard copy of tender document (Technical and financial Envelope) in sealed envelope within 72 hours from last date of submission at the office of Executive Engineer, Public Works Division No.1, Nagpur.
6. Pre-Qualification Criteria will applicable for Civil Work & also Electric Work.

O.W. No. 8420 dt. 17/09/2026
Sd/- Executive Engineer
P. W. Dn. No.1 Nagpur
आरओसी-२०२६-२७/क्र-५/C२९३१

शब्द पहेली - 6355



बाएँ से दाएँ
1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

ऊपर से नीचे
1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

शब्द पहेली- 6354 का हल

अ	रा	ज	क	ता			म	वा	ली	
स	म		ल		चा	ला	न		ख	त
मा			प	ना	ह		न			म
न	ज	रा	ना			म		क	या	स
ता		व		ना	ला	य	क		प	
	प्रा	ण		म		खा		जा	न	
	रु		आ	ज	मा	ना		हि		म
स	प	ना		द			ब	ल	वा	न
र			स		ल	की	र			भा
ल	व		न	सी	ब		सा		दा	व
	ध	म	की			इ	त	मी	ना	न



भारी बारिश ने देश के कई राज्यों में मचाई तबाही

केरलम में लैंडस्लाइड-बाढ़ से 5 और यूपी में 3 की जान गई

यूपी के उन्नाव की कई बस्तियों में हुई बारिश के बाद लोगों को नाव का सहारा लेना पड़ रहा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश के कई राज्यों में मानसूनी बारिश अभी भी आफत बनी हुई है। इससे आमजन हलकान है। मौसम विभाग कई राज्यों को अलर्ट भी जारी किया है। केरलम में सोमवार को लगातार दूसरे दिन तेज बारिश की आशंका है। मौसम विभाग ने पथनमथिट्टा, कोट्टायम, अलप्पुझा, एर्नाकुलम, इडुक्की और त्रिशूर में यलो अलर्ट जारी किया है। इससे पहले रविवार को भारी बारिश ने इडुक्की, मलप्पुरम सहित कई जिलों में जमकर तबाही मचाई। लैंडस्लाइड, मडस्लाइड और अचानक आई बाढ़ की करीब 5 लोगों की मौत हो गई और 2 लोग अभी भी लापता हैं। उधर यूपी में बारिश का असर अभी भी कई इलाकों में है। उन्नाव की बस्तियों में नाव चल रही है। बाराबंकी में रविवार को बारिश के पानी से भरे गड्ढे में नहाते समय तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई। गुजरात के भावनगर और राजकोट में रविवार को करीब आधे घंटे तेज बारिश में ही सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया। भावनगर के महुवा में साढ़े 4 इंच और राजकोट के गोंडल में साढ़े 3 इंच बारिश हुई। जूनागढ़ के गिरनार जंगल में अचानक बाढ़ आ गई। यहां आत्मेश्वर महादेव मंदिर के रास्ते में बच्चे-बूढ़े सहित 40 से ज्यादा श्रद्धालु फंस गए। वन विभाग और फायर ब्रिगेड ने सभी को बचाया।

उत्तराखंड : बारिश के आसार

उत्तराखंड के चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में बारिश की संभावना है। राज्य के बाकी जिलों में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। पिछले 24 घंटे में मैदानी इलाकों में अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहा, जबकि पहाड़ी क्षेत्रों में तापमान सामान्य रहा। सुबह प्रदेश के चार प्रमुख धार्मिक स्थलों पर तापमान शून्य से नीचे दर्ज हुआ। हिमाचल प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में मौसम साफ या आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते हैं। कुछ जगहों पर हल्की बारिश हो सकती है।

अगले 2 दिन का हाल

- ओडिशा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। इन राज्यों में 40-50किमी की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान है। मौसम विभाग का अलर्ट।
- बंगाल , झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, मराठवाड़ा, कोंकण-गोवा, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कर्नाटक, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बारिश का यलो अलर्ट है।
- बिहार में आंधी-तूफान के साथ कुल जिलों में बारिश की संभावना है। 9 जिलों में बूंदाबांदी या हल्की बारिश की संभावना।

दिल्ली के सदर में 10 साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म

नई दिल्ली (भाषा)। दिल्ली के सदर बाजार में 10 साल की बच्ची से रेप का मामला सामने आया। घटना 16 सितंबर की रात हुई। पुलिस ने सोमवार को जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, बच्ची रात करीब 11 बजे नोटबुक, पेन सहित स्टेशनरी का सामान खरीदने घर से निकली थी। आरोप है कि दुकानदार उसे बहला-फुसलाकर पास की दुकान में ले गया। वहां बच्ची का हाथ-पैर बांधकर यौन शोषण किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान 56 साल के मकसूद के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, इस मामले में उत्तर जिले के महिला थाने में कानून की प्रासंगिक धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई और आरोपी मकसूद को गिरफ्तार कर लिया गया और एक अदालत में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस आरोपों की जांच कर रही है ।

बच्ची नोटबुक खरीदने गई थी, 56 साल का आरोपी गिरफ्तार

हैदराबाद में लिफ्ट-दीवार के बीच उलटा लटका रहा युवक, डेढ़ घंटे बाद रेस्क्यू

- ❑ तेलंगाना के हैदराबाद के मूसेपेट में लिफ्ट से बाहर निकलते समय हादसे का शिकार हो गया।
- ❑ लिफ्ट ऊपर चली गई, उसका पैर ग्रिल में फंस गया और वह सेकेंड-थर्ड फ्लोर के बीच लटक गया
- ❑ रेस्क्यू टीम ने 90 मिनट की मशक्कत के बाद उसे निकाला। लिफ्ट की दीवार का हिस्सा तोड़ना पड़ा और हाइड्रोलिक कटर की मदद ली गई।
- ❑ हादसे में पीड़ित मुरली लिफ्ट में दबने के कारण उनके पैर में गंभीर फ्रैक्चर हुआ है।
- ❑ पिछले 5 महीनों में हैदराबाद में लिफ्ट हादसे का यह तीसरा मामला है। इससे पहले जून में उप्पल स्काईवॉक की लिफ्ट में युवक 2 घंटे फंसा रहा था।
- ❑ मई में गच्चीबौली इलाके में 5 साल की बच्ची की ग्रिल वाली लिफ्ट में फंसने से मौत हो गई थी।

सपा सांसद पर केस दर्ज कराने वाले का अपहरण

संत कबीरनगर। उत्तर प्रदेश के संत कबीरनगर जिले में समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद के खिलाफ अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराने वाले व्यक्ति को उसके कथित अपहरण के 24 घंटे के भीतर छुड़ा लिया गया।

हैदराबाद में 20 रुपये किराये को लेकर ऑटो-रिक्शा चालक की हत्या

हैदराबाद (भाषा)। हैदराबाद में किराये के पैसे को लेकर हुए विवाद के बाद तीन लोगों ने 42 वर्षीय ऑटो-रिक्शा चालक की कथित तौर पर पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार शाम वट्टेपल्ली में हुई। ऑटो रिक्शा चालक की बेटी की शिकायत के आधार पर फल्कनुमा पुलिस थाने में हत्या का मामला दर्ज किया गया और दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। अधिकारी ने बताया, 20 रुपये किराये को लेकर हुए विवाद के बाद तीन लोगों ने चालक की पिटाई कर दी। हमले के दौरान चालक को दौरे भी पड़े और बाद में उसकी मौत हो गई। हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और तीन आरोपियों में से दो को हिरासत में लिया गया है।"

किराये को लेकर विवाद में तीन लोगों ने जमकर पीटा

रोड रेजः मिजोरम में छुट्टी पर घर जा रहे जवान की पीटकर हत्या

आइजोल (भाषा)। मिजोरम के कोलासिब जिले में सड़क पर कहासुनी (रोड रेज) की एक घटना में छुट्टी पर घर जा रहे सेना के एक जवान की युवकों के एक समूह ने कथित तौर पर पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि रविवार शाम राष्ट्रीय राजमार्ग-306 पर बुअलपुई गांव के पास हुई इस घटना के सिलसिले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है और दो नाबालिगों को पकड़ा गया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) लालरिनपुइया वार्ते ने बताया कि मृतक की पहचान असम रेजिमेंट में सेवारत और जम्मू-कश्मीर में तैनात जकारिया लालहरियात्लुआंगा (29) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि वह कोलासिब जिले में स्थित अपने पैतृक गांव न्यू बुइलुम जा रहे थे। वार्ते ने बताया कि जकारिया को आइजोल के पास लेंगपुई हवाई अड्डे पर उनके दोस्त जॉन लालतान्पुइया लेने पहुंचे थे। दोनों एक ट्रक में सवार होकर कोलासिब की ओर रवाना हुए थे, तभी कवांनपुई कस्बे के युवकों के एक समूह ने बुअलपुई गांव के पास कथित तौर पर उन पर हमला कर दिया।

पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार, इनमें दो नाबालिग भी

ममता खेमे ने चुनाव चिह्न 'फुटबॉल खिलाड़ी' का 'लोगो' जारी किया

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस के ममता बनर्जी गुट ने सोमवार को अपने अंतरिम चुनाव चिह्न 'फुटबॉल खिलाड़ी' का 'लोगो' जारी किया और अपने नेताओं एवं निर्वाचित प्रतिनिधियों से इसका प्रचार करने को कहा है। पार्टी के मूल नाम और 'जोड़ा घास फूल' चुनाव चिह्न के इस्तेमाल पर निर्वाचन आयोग की रोक के बाद पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अब एक नयी चुनावी पहचान बनाने की कोशिश कर रही हैं। इस नये 'लोगो' के बीचोंबीच फुटबॉल खिलाड़ी को रखा गया है और उसके चारों ओर नीले रंग की पृष्ठभूमि पर सफेद रंग से 'ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' लिखा हुआ है।

रोकने के बाद भी भाजपा ने गाया पूरा वंदे मातरम

बेंगलुरु। कर्नाटक विधानसभा के तीन दिवसीय विशेष सत्र के पहले दिन सोमवार को वंदे मातरम को लेकर विवाद खड़ा हो गया। सदन में बज रही वंदे मातरम की रिकॉर्डिंग सिर्फ दो पैरा के बाद रोक दी गई। इस पर भाजपा विधायकों ने विरोध जताया और बाकी चार पैरा खुद गाए। भाजपा विधायक अपने साथ वंदे मातरम की लिखित प्रतियां लेकर पहुंचे थे। विधान परिषद में भी भाजपा सदस्यों ने पूरा गीत गाया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। दरअसल, कांग्रेस ने दो पैरा गाने का आदेश दिया है।

एसआईआर 'दोषपूर्ण प्रक्रिया' 'भस्मासुर' बन चुकी : खड़गे

नई दिल्ली। कांग्रेस ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) संबंधी विवरण में 'विसंगतियों' को लेकर सत्तापक्ष कई प्रमुख नेताओं को नोटिस दिए जाने का हवाला देते हुए सोमवार को कहा कि पूरी प्रक्रिया ही 'दोषपूर्ण' है तथा यह अब 'भस्मासुर' बन गई है, जो अपने लोगों को ही चपेट में ले रही है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पर कहा कि बिहार से शुरू हुआ एसआईआर अब दिल्ली पहुंच गया है और शायद अब सत्तारूढ़ दल को समझ में आ रहा होगा कि कांग्रेस ने पहले दिन से ही इस प्रक्रिया को 'दोषपूर्ण' क्यों बताया था।

पूर्व गवर्नर जालान व पूर्व वायुसेना प्रमुख समेत कई को नोटिस

दिल्ली में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान दिए गए विवरण में "विसंगतियां" मिलने पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर बिमल जालान और पूर्व वायुसेना प्रमुख एनएके ब्राउन समेत कई प्रमुख लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं। ये नोटिस मसौदा मतदाता सूची में शामिल 97 लाख से अधिक मतदाताओं को लेकर एसआईआर का हिस्सा हैं।

Model Economic Township Limited

पंजीकृत कार्यालयः तृतीय तल, 77-बी, इफको रोड़, सैक्टर - 18, गुरूग्राम - 122015, हरियाणा, फोनः 0124-352 7369
CIN: U70109HR2006PLC036416

सार्वजनिक सूचना

HRERA रियल एस्टेट प्रोजैक्ट रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट नं. HRERA-PKL-JJR-375-2022 Dated 14.11.2022

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमें, मॉडल इकोनोमिक टाउनशिप लिमिटेड को, हरियाणा रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण, पंचकूला द्वारा हमारी "Model Economic Township", Sector 10A, MET City, नामक औद्योगिक प्लॉटिड परियोजना (जिसका कुल क्षेत्रफल 85.703 एकड + 11.1772 एकड = 96.880 एकड है) जोकि औद्योगिक प्लॉटिड कॉलोनी का हिस्सा है एवम् राज्य राजमार्ग 15ए पर गाँव सोंधी, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में स्थित है, के लिए सप्लिमैंट्री रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट No. HRERA-7832 Dated 18.09.2026 प्रदान किया गया है, परियोजना के बैंक खातों का विवरण इस प्रकार हैं:

बैंक अकाउंट का नाम	:	अकाउंट नम्बर
Model Economic Township Ltd - 100% Master Account (Collection Account)	:	459405000045
Model Economic Township Ltd - 70% Escrow Account (Project Account)	:	459405000034
Model Economic Township Ltd - 30% Free Account	:	777705005438
बैंक अकाउंट की किस्म	:	Current Account
बैंक का नाम	:	ICICI Bank Limited
बैंक ब्रांच का पता	:	Reliance Met Ltd, Sector 5, Village Dadri Toye, On SH 15A, Jhajjar, Haryana 124515
आई.एफ.एस.सी. कोड नम्बर	:	ICIC0004594

यह सूचना हरियाणा रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण, पंचकूला द्वारा जारी निर्देशों की अनुपालना में जारी की गई है।

कृते मॉडल इकोनोमिक टाउनशिप लिमिटेड
प्राधिकृत हस्ताक्षरी

दिनांक : 22.09.2026

www.modeleconomictownship.com

dhan

PUBLIC NOTICE

BEWARE OF FRAUDSTERS IMPERSONATING "DHAN", ITS DIRECTORS AND EMPLOYEES

RAISE SECURITIES PRIVATE LIMITED (formerly known as Moneylicious Securities Private Limited), operating under the brand name "Dhan", is a SEBI-registered stockbroker (SEBI Registration No. INZ000006031), member of BSE, NSE and MCX and a Depository Participant (SEBI Registration No. IN-DP-289-2016) with CDSL operating from Unit No. 2201, 22nd Floor, Gold Medal Avenue, S.V. Road, Beside Patel Petrol Pump, Piramal Nagar, Goregaon West, Mumbai – 400104.

We have become aware of fraudsters unlawfully impersonating Dhan, its directors, employees and representatives and misusing the Dhan name, logo, photographs and brand identity through fake websites, mobile applications, social media accounts, WhatsApp/Telegram groups and other channels.

These fraudsters may falsely offer guaranteed returns, assured profits, IPO allotments, investment opportunities, trading services or other financial benefits, and may induce the public to transfer money or disclose OTPs, passwords, banking, trading or other confidential information.

Dhan does not authorise any person, group, platform or third party to collect money from the public in the name of Dhan, its directors or employees, or to promise guaranteed/assured returns or profits.

The names and identities of Dhan's directors, including Mr. Jayprakash Gupta and Mr. Pravin Jadhav, have also been misused by fraudsters.

DO NOT TRANSFER MONEY OR SHARE YOUR OTP, PASSWORD, PIN, BANKING OR TRADING CREDENTIALS with any person claiming to represent Dhan. Dhan communicates with its clients only though its official channels:

Website: https://dhan.co/
Dhan Web: https://login.dhan.co/
Dhan Android: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.dhan.live
Dhan IOS : https://apps.apple.com/in/app/dhan-share-market-trading-app/id1575318726
Dhan Option Trader: https://dhan.co/options-trader-web/
Dhan Option Trader Android :https://play.google.com/store/apps/details?id=com.dhanoptions.live
Dhan Option Trader IOS: https://apps.apple.com/in/app/options-trader-fno-stocks/ id1601444691
Facebook: https://www.facebook.com/DhanHQ ;
Instagram: https://www.instagram.com/dhanhq/
X: https://x.com/DhanHQ ; https://x.com/dhancares
YouTube: https://www.youtube.com/@DhanHQ ; https://www.youtube.com/@InvestingwithDhan ; https://www.youtube.com/@CommoditiesbyDhan ; https://www.youtube.com/@AIandAlgosbyDhan ; https://www.youtube.com/@DhanHQTamil ; https://www.youtube.com/@DhanHQMalayalam ; https://www.youtube.com/@DhanHQTelugu ; https://www.youtube.com/@DhanHQMarathi ; https://www.youtube.com/@DhanHQKannada ; https://www.linkedin.com/company/Dhanhq/
WhatsApp: https://whatsapp.com/channel/0029Vb5CCizJ93wewl6tK638
Telegram: https://t.me/JoinDhan
Dhan Community: https://madefortrade.in/

Please note that all official communications from Dhan will be sent only from the @dhan.co domain. If you receive any communication claiming to be from Dhan but sent from @dhan.com, @dhan.co.in, or any other domain, please treat it as suspicious and report it immediately to **help@dhan.co**

Persons who have suffered financial loss should immediately report the matter to the appropriate cybercrime/law-enforcement authorities.

Dhan / Raise Securities Private Limited and its group companies shall not be responsible or liable for any loss arising from dealings with unauthorised or fraudulent persons, entities, platforms or groups impersonating Dhan or its directors, employees or representatives.

On Behalf of Raise Securities Private Limited
Sd/-
Manish Garg Compliance Officer

हरियाणा लोक सेवा आयोग
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

सत्यमेव जयते

घोषणा

एचसीएस (एग्जीक्यूटिव ब्रांच) एवं अन्य संबद्ध सेवाएं परीक्षा-2025 के पदों के लिए भर्ती हेतु साक्षात्कार/मौखिक परीक्षा का कार्यक्रम

परिणाम दिनांक 17.09.2026 के तहत एचसीएस (एग्जीक्यूटिव ब्रांच) एवं अन्य संबद्ध सेवाएं-2025 (विज्ञापन संख्या 22/2026 दिनांक 30.01.2026) के पदों के लिए मुख्य परीक्षा में क्वालीफाइड घोषित किए गए उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने उक्त भर्ती के लिए साक्षात्कार/मौखिक परीक्षा 03.10.2026 (शनिवार) से आयोग के कार्यालय में सेक्टर-4, पंचकूला में आयोजित करने का निर्णय लिया है। मौखिक परीक्षा/व्यक्तित्व परीक्षण के लिए अनुक्रमांक वार कार्यक्रम निम्नानुसार है :-

1(ए) **दिनांक : 03.10.2026 (शनिवार) उपस्थिति समय पूर्वा. 08:00 बजे है**

174337	153803	178366	149246	163603	111758	180302	145985	158674	145516
126783	192966	101927	150059	112545	176957	162843	165565	180136	168420
156177	120736	133052	168269	109599	137596	170728	182671		

1(बी) **दिनांक : 03.10.2026 (शनिवार) उपस्थिति समय दोपहर 12:00 बजे है**

174365	193282	126392	129646	102134	127646	186076	122151	193368	165433
193424	193211	173371	166147	144482	145507	112299	113312	160589	119096
143736	183566	167141	155862	186021	154167	101929	123024		

2(ए) **दिनांक : 04.10.2026 (रविवार) उपस्थिति समय पूर्वा. 08:00 बजे है**

141067	174620	175496	191069	142965	157461	110732	180791	131150	156651
163855	155233	110229	187755	191681	192942	149163	184586	184832	173255
139060	108859	159657	152612	170961	151796	177018	146937		

2(बी) **दिनांक : 04.10.2026 (रविवार) उपस्थिति समय दोपहर 12:00 बजे है**

109562	177988	167788	182416	160416	154515	183499	114775	121603	193513
177904	123067	164092	181021	181819	193284	113559	169571	185337	118110
153595	174614	164978	130813	165058	169950	140546	192963		

3(ए) **दिनांक : 05.10.2026 (सोमवार) उपस्थिति समय पूर्वा. 08:00 बजे है**

193279	116753	116659	111745	178328	110199	182607	104510	168722	136877
143879	110587	133562	126521	147279	166624	109852	106693	192776	162560
124319	119908	100687	191481	191012	136619	112689	186121		

3(बी) **दिनांक : 05.10.2026 (सोमवार) उपस्थिति समय दोपहर 12:00 बजे है**

156272	132604	182283	137197	115183	192293	121447	123284	112795	147589
152363	177054	167465	167064	110544	150639	162541	146193	176158	121505
163497	157258	192934	176209	122593	163449	193069	175466		

4(ए) **दिनांक : 06.10.2026 (मंगलवार) उपस्थिति समय पूर्वा. 08:00 बजे है**

100617	141216	184593	147880	120137	176308	165306	128041	121055	101971
128170	140163	189127	174919	132882	180130	173810	193556	166550	189217
108204	183280	155105	159601	105078	163417	108736	153709		

4(बी) **दिनांक : 06.10.2026 (मंगलवार) उपस्थिति समय दोपहर 12:00 बजे है**

137023	171450	170448	113943	127895	168282	100541	101120	193432	152861
176161	126275	101866	153009	166140	114024	133834	152520	185880	121944
155840	113291	120009	131242	178570	168825	181746	153267		

5(ए) **दिनांक : 07.10.2026 (बुधवार) उपस्थिति समय पूर्वा. 08:00 बजे है**

162589	174750	158558	124348	124727	193046	189222	132685	182417	106596
189535	101686	152813	162780	121492	121493	184346	163235	161717	184415
129505	115284	124064	191137	110741	140314	192768	124414		

5(बी) **दिनांक : 07.10.2026 (बुधवार) उपस्थिति समय दोपहर 12:00 बजे है**

105712	177618	132838	119927	151631	156500	193195	136904	163452	158621
149473	135540	124095	163239	118767	184236	192656	129614	118443	180045
159056	117999	166944	167543	187485	160062	166993	165038		

6(ए) **दिनांक : 08.10.2026 (बृहस्पतिवार) उपस्थिति समय पूर्वा. 08:00 बजे है**

106039	178359	185220	119336	160074	115226	101956	130558	191347	123627
102200	105523	193220	104378	179951	193484	189708	158833	122842	188403
186424	119730	117164	174026	111419	172908	121455	193405		

6(बी) **दिनांक : 08.10.2026 (बृहस्पतिवार) उपस्थिति समय दोपहर 12:00 बजे है**

160463	153034	158740	103918	181337	139901	148628

उपरोक्त अनुक्रमांक वाले उम्मीदवारों को व्यक्तित्व परीक्षण / मौखिक परीक्षा के लिए अंतरिम रूप से बुलाया जा रहा है, जो आयोग द्वारा जारी किये गये विज्ञापन / शुद्धिपत्र में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार पात्रतापूर्ण करने के अधीन है। आयोग किसी भी स्तर पर किसी उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, यदि अपात्र पाया जाता है अथवा उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों / विवरणों में यदि कोई विसंगति पाई जाती है। **व्यक्तित्व परीक्षण/मौखिक परीक्षा के लिए निर्धारित तिथि किसी भी परिस्थिति में बदली या परिवर्तित नहीं की जाएगी।**

साक्षात्कार पत्र उम्मीदवारों को व्यक्तिगत रूप से नहीं भेजे जा रहे हैं। सभी उम्मीदवारों को व्यक्तित्व परीक्षण/मौखिक परीक्षा की तिथि को अपने साथ निम्नलिखित दस्तावेज अवश्य लाने होंगे जो उनके ऑनलाइन आवेदन पत्र में किए गए दावों के समर्थन में, विशेष रूप से शैक्षणिक योग्यता, जन्म तिथि, श्रेणी और अन्य संबंधित विवरणों इत्यादि के सम्बन्ध में होंगे :-

(i) सभी मूल दस्तावेज जिनमें सभी सेमेस्टर की अंकतालिकाएं एवं डिग्री, हरियाणा निवास प्रमाण-पत्र तथा विज्ञापन के अनुसार ही श्रेणी प्रमाण-पत्र शामिल हैं।
(ii) ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ उपर्युक्त सभी दस्तावेजों की छायाप्रति का एक सेट (स्व-सत्यापित)।
(iii) उम्मीदवार का पासपोर्ट आकार का एक रंगीन फोटो।
(iv) उम्मीदवार का एक मूल फोटो आईडी प्रमाण।
(v) हरियाणा सरकार के कर्मचारियों के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र जिन्होंने राज्य सरकार के साथ कोई बोंड निष्पादित किया है।

टिप्पणी : यह घोषणा आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर भी उपलब्ध है।

दिनांक : 21.09.2026 — हस्ता/- उप सचिव
पीआरडीएच-1156/11/3/2027/49515/88/6 दि. 21.09.26 — हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला

चिंतन

नकल रोकना अपराध नहीं पर छात्रों को बचाना जरूरी

आईआईटी बॉम्बे में एक छात्र की आत्महत्या ने देश की उच्च शिक्षा व्यवस्था के सामने ऐसे सवाल खड़े कर दिए हैं, जिनसे आंखें चुराना अब संभव नहीं। सवाल सिर्फ इतना नहीं है कि एक छात्र परीक्षा में मोबाइल का इस्तेमाल करते हुए क्यों पकड़ा गया और उसके बाद उसने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया। बड़ा सवाल यह है कि क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था ने बच्चों को केवल सफल होना सिखाया है, असफलता को स्वीकार करना नहीं? और दूसरा सवाल इससे भी ज्यादा सीधा है, अगर कोई शिक्षक परीक्षा में नकल रोकता है तो आखिर उसकी गलती क्या है? परीक्षा कक्ष में नियम लागू करना शिक्षक की जिम्मेदारी है। यदि किसी विद्यार्थी के पास मोबाइल पाया जाता है या वह अनुचित तरीके से उत्तर हासिल करने का प्रयास करता है तो शिक्षक का उसे रोकना स्वाभाविक है। आईआईटी बॉम्बे के मामले में संस्थान का कहना है कि छात्र को परीक्षा के दौरान मोबाइल का इस्तेमाल करते पाया गया था और उसके खिलाफ तत्काल कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू नहीं की गई थी। संस्थान के अनुसार शिक्षक और विभागाध्यक्ष ने उससे बात की थी और उसे यह भरोसा दिलाया गया था कि इस घटना का उसके करियर पर प्रतिकूल असर नहीं पड़ेगा। इसके बावजूद छात्र की आत्महत्या ने पूरे कैंपस को हिला दिया। घटना के बाद सैकड़ों छात्र विरोध में उतर आए और परीक्षाएं स्थगित करनी पड़ीं। यहां एक बेहद महत्वपूर्ण अंतर को समझना होगा। किसी शिक्षक द्वारा नकल पकड़ना एक बात है और उसके व्यवहार में अनुचितता का आरोप दूसरी बात। यदि शिक्षक ने छात्र के साथ अपमानजनक व्यवहार किया, जातिगत टिप्पणी की, अनावश्यक दबाव बनाया या नियमों से हटकर व्यवहार किया, तो उसकी जांच होनी चाहिए। परिवार ने ऐसे आरोप लगाए हैं और संस्थान ने जातिगत भेदभाव के आरोपों से इनकार किया है। इन आरोपों का फैसला जांच के आधार पर होना चाहिए, भीड़ या भावनाओं के आधार पर नहीं। लेकिन इस पूरी बहस में एक खतरनाक संदेश नहीं जाना चाहिए कि किसी विद्यार्थी को नकल करते पकड़ना ही शिक्षक की गलती है। लेकिन यहीं से कहानी का दूसरा और अधिक गंभीर पक्ष सामने आता है। आखिर इतनी छोटी असफलता इतनी बड़ी क्यों बन रही है? एक परीक्षा में पकड़ा जाना, एक विषय में फेल होना, कम अंक आना या किसी नियम का उल्लंघन करना। ये जीवन की कठिन परिस्थितियां हो सकती हैं, लेकिन जीवन का अंत नहीं। शिक्षा व्यवस्था को अपना नजरिया बदलना होगा। काउंसलिंग केवल उस समय नहीं होनी चाहिए जब कोई विद्यार्थी संकट में पहुंच जाए। नियमित मानसिक स्वास्थ्य काउंसलिंग को शिक्षा व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाना चाहिए। आईआईटी बॉम्बे सहित कई उच्च शिक्षण संस्थानों में काउंसलिंग और वेलनेस की व्यवस्थाएं पहले से मौजूद हैं। लेकिन अब जरूरत इन सेवाओं को नियमित छात्र-जीवन का हिस्सा बनाने की है। इसका अर्थ यह बिल्कुल नहीं है कि मानसिक स्वास्थ्य के नाम पर अनुशासन खत्म कर दिया जाए। नकल को नकल ही कहा जाना चाहिए। नियम तोड़ने पर उचित कार्रवाई भी होनी चाहिए। लेकिन कार्रवाई और अपमान में फर्क है। अनुशासन और प्रताड़ना में अंतर है। गलती बताने और विद्यार्थी को तोड़ देने में भी फर्क है। शिक्षक का काम नियम लागू करना है। संस्थान का काम नियमों के साथ निष्पक्ष प्रक्रिया सुनिश्चित करना है।



सियासत
ओमकार चौधरी

कांग्रेस के कृत्य भी याद करें राहुल

> राहुल गांधी के "वोट चोरी, सरकार चोरी और अब पार्टी चोरी" वाले आरोप ने तृणमूल कांग्रेस के नाम-चिह्न विवाद को व्यापक राजनीतिक बहस में बदल दिया है। चुनाव आयोग का कहना है कि दो प्रतिद्वंद्वी गुटों के दावों के कारण अंतिम निर्णय तक मूल नाम और चिह्न पर रोक लगाई गई है। लेकिन इस बहस को केवल मौजूदा विवाद तक सीमित रखना इतिहास को अधूरा पढ़ना होगा। भारतीय राजनीति में दलों का विभाजन, समर्थन वापसी, गठबंधन और अनुच्छेद 356 का इस्तेमाल लंबे समय से सत्ता-संघर्ष का हिस्सा रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस समेत सभी दलों के अतीत को तथ्यों की कसौटी पर परखना जरूरी है।

राहुल गांधी ने तृणमूल कांग्रेस के नाम और चुनाव-चिह्न पर चुनाव आयोग की अंतरिम रोक के बाद भाजपा और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पहले शिवसेना, फिर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और अब तृणमूल कांग्रेस हर बार एक ही तरीका अपनाया गया: पार्टी तोड़ी गई, चुनाव-चिह्न पर कब्ज़े की लड़ाई खड़ी हुई और जनता के जनादेश को पलटने का प्रयास हुआ। उन्होंने इसे "वोट चोरी, सरकार चोरी और अब पार्टी चोरी" की भाषा में व्यक्त किया। चुनाव आयोग का पक्ष अलग है। आयोग का कहना है कि तृणमूल के दो प्रतिद्वंद्वी गुटों ने पार्टी के नाम और चुनाव-चिह्न पर दावा किया, इसलिए अंतिम निर्णय तक दोनों को मूल नाम और चिह्न के उपयोग से रोका गया।

राहुल का आरोप राजनीतिक रूप से तीखा है और इसकी जांच वर्तमान तथ्यों के आधार पर होनी चाहिए। लेकिन जब कांग्रेस स्वयं विपक्षी दलों की सरकारें गिराने, दलों में विभाजन कराने या जनादेश पलटने की राजनीति का आरोप लगाती है, तब उसके अपने लंबे राजनीतिक इतिहास की समीक्षा भी जरूरी हो जाती है। इतिहास यह बताता है कि भारत में सत्ता की राजनीति, गठबंधन तोड़ने, समर्थन वापस लेने और अनुच्छेद 356 के इस्तेमाल का सिलसिला किसी एक दल तक सीमित नहीं रहा। मगर कांग्रेस का रिकॉर्ड इसलिए विशेष रूप से चर्चा में आता है, क्योंकि उसने दशकों तक केंद्र की सत्ता संभाली और इसी दौरान अनुच्छेद 356 का सबसे व्यापक इस्तेमाल हुआ। सबसे शुरुआती चर्चित उदाहरण 1959 का केरल है। जवाहरलाल नेहरू प्रधानमंत्री थे और ई.एम.एस. नंबूदरीपाद के नेतृत्व में निर्वाचित कम्युनिस्ट सरकार सत्ता में थी। राजनीतिक आंदोलन और कानून-व्यवस्था के सवालों के बीच केंद्र ने अनुच्छेद 356 का इस्तेमाल कर सरकार बर्खास्त कर दी। यह स्वतंत्र भारत में किसी निर्वाचित विपक्षी राज्य सरकार को हटाने के शुरुआती बड़े उदाहरणों में से एक था। उपलब्ध अभिलेख बताते हैं कि नेहरू सरकार 1959 तक अनुच्छेद 356 का छह बार उपयोग कर चुकी थी। इसके बाद इंदिरा गांधी के दौर में राष्ट्रपति शासन का इस्तेमाल कहीं बड़े पैमाने पर हुआ। 1967 से 1969 के बीच ही अनुच्छेद 356 सात बार लगाया गया। 1970 से 1974 के बीच राष्ट्रपति शासन 19 बार लगाया गया। यह वह दौर था जब राज्यों में गैर-कांग्रेसी गठबंधन उभर रहे थे, दल-बदल बढ़ रहा था और कांग्रेस के केंद्रीय वर्चस्व को चुनौती मिल रही थी। लेकिन सबसे उल्लेखनीय घटना फरवरी 1980 की है। इंदिरा गांधी लोकसभा चुनाव जीतकर सत्ता में लौटीं और इसके तुरंत बाद नौ गैर-कांग्रेसी राज्यों की विधानसभाएं भंग कर दी गईं। ये राज्य थे। उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, ओडिशा, गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु। गृह मंत्रालय के आधिकारिक अभिलेख में भी 17 फरवरी 1980 को इन नौ राज्यों में अनुच्छेद 356 लागू कर विधानसभाएं भंग किए जाने का विवरण दर्ज है।

इतिहास की निष्पक्षता के लिए यह भी जोड़ना जरूरी है कि 1977 में जनता पार्टी की केंद्र सरकार ने भी सत्ता में आते ही कई कांग्रेस-शासित राज्यों की सरकारें हटाई थीं। 1980 की कार्रवाई को उसी राजनीतिक परंपरा की उलटी प्रतिक्रिया के रूप में भी देखा गया। कांग्रेस के राजनीतिक हस्तक्षेप का एक अलग उदाहरण 1979 का है। चरण सिंह प्रधानमंत्री बने थे और उनकी सरकार

कांग्रेस के बाहरी समर्थन पर निर्भर थी। विश्वास मत से पहले इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाले कांग्रेस समूह ने समर्थन वापस ले लिया। चरण सिंह लोकसभा में बहुमत साबित करने से पहले ही इस्तीफा देने को मजबूर हुए। यह अनुच्छेद 356 का मामला नहीं था, लेकिन समर्थन देकर सरकार बनवाने और फिर समर्थन वापस लेकर सत्ता संकट खड़ा करने का स्पष्ट उदाहरण था। 1989 में कर्नाटक की एस.आर. बोम्मई सरकार की बर्खास्तगी ने इस पूरे प्रश्न को संवैधानिक मोड़ दिया। केंद्र की कांग्रेस सरकार ने बहुमत खोने की राज्यपाल की रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की। मामला सर्वोच्च न्यायालय पहुंचा और 1994 में नौ न्यायाधीशों की पीठ ने ऐतिहासिक फैसला दिया। अदालत ने स्पष्ट किया कि अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति की कार्रवाई न्यायिक समीक्षा से बाहर नहीं है और इस शक्ति का इस्तेमाल केंद्र में सत्तारूढ़ दल के राजनीतिक हितों के लिए नहीं किया जा सकता। 1992 में बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिंह राव की कांग्रेस सरकार ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश की भाजपा सरकारें बर्खास्त कर दीं। उत्तर प्रदेश में घटनाक्रम अलग था, क्योंकि मुख्यमंत्री कल्याण सिंह ने पहले इस्तीफा दिया था और उसके बाद राष्ट्रपति शासन लगाया गया। फिर भी 1992-93 की कार्रवाई अनुच्छेद 356 के राजनीतिक इस्तेमाल पर होने वाली बहस का प्रमुख हिस्सा बनी। केंद्र की राजनीति में 1999 का वाजपेयी सरकार प्रकरण अक्सर कांग्रेस के खिलाफ उदाहरण के रूप में दिया जाता है। यहां तथ्यों को ठीक क्रम में रखना जरूरी है। संकट तब शुरू हुआ जब जयललिता की अन्नाद्रमुक, जिसके 18 सांसद थे, ने वाजपेयी सरकार से समर्थन वापस लिया। राष्ट्रपति के निर्देश पर प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने विश्वास मत मांगा और 17 अप्रैल 1999 को प्रस्ताव 269 के मुकाबले 270 मतों से पराजित हुआ। 2018 के कर्नाटक चुनाव ने गठबंधन राजनीति का नया उदाहरण दिया। भाजपा 104 सीटों के साथ सबसे बड़ा दल बनी, लेकिन बहुमत से आठ सीट पीछे थी। कांग्रेस को 78 और जेडी(एस) को 37 सीटें मिलीं। कांग्रेस ने जेडी(एस) नेता एच.डी. कुमारस्वामी को समर्थन दिया और दोनों दलों ने सरकार बनाई। यह पूरी तरह संवैधानिक चुनाव-बाद गठबंधन था, लेकिन राजनीतिक दृष्टि से भाजपा ने इसे सबसे बड़े दल को सत्ता से दूर रखने की रणनीति बताया। 2019 के महाराष्ट्र चुनाव में स्थिति और जटिल थी। भाजपा ने 105 और शिवसेना ने 56 सीटें जीतीं। दोनों चुनाव-पूर्व गठबंधन में थे और संयुक्त संख्या स्पष्ट बहुमत से ऊपर थी। राहुल आज "वोट चोरी, सरकार चोरी और पार्टी चोरी" की बात कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस का अपना इतिहास भी सत्ता-समीकरण, समर्थन वापसी, अनुच्छेद 356 के इस्तेमाल और चुनाव-बाद गठबंधन की राजनीति से खाली नहीं है। 1959 का केरल, 1980 के नौ राज्य, 1992 की भाजपा सरकारें, 1979 में चरण सिंह, 2018 का कर्नाटक और 2019 का महाराष्ट्र ये सभी घटनाएं इस राजनीतिक इतिहास के दस्तावेज हैं। इसलिए कांग्रेस को पूरी तरह "दूध की धुली" मानना इतिहास के साथ न्याय नहीं होगा। इतिहास किसी एक दल को निर्दोष या दोषी घोषित करने का साधन नहीं होना चाहिए, बल्कि यह याद दिलाने का माध्यम होना चाहिए कि भारतीय राजनीति में सत्ता के लिए गठबंधन, विभाजन, समर्थन-वापसी और संवैधानिक प्रावधानों के राजनीतिक इस्तेमाल की परंपरा पुरानी है और कांग्रेस भी उससे बाहर नहीं रही।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

चिंता
महेन्द्र तिवारी

युद्ध, दुष्प्रचार और एआई का उभरता हुआ संकट

कभी युद्ध तलवारों और तोपों से लड़े जाते थे, फिर बारूद, टैंक, लड़ाकू विमान और मिसाइलों ने युद्ध की प्रकृति बदल दी। 21वीं सदी में युद्ध का सबसे बड़ा परिवर्तन हथियारों से अधिक सूचना और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दिखाई दे रहा है। आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता(एआई) केवल सुविधा प्रदान करने वाली तकनीक नहीं रह गई है, बल्कि वह युद्ध, आतंकवाद, साइबर अपराध और वैश्विक सुरक्षा के केंद्र में पहुंच चुकी है। हाल के अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों और सुरक्षा रिपोर्टों ने चेतावनी दी है कि उग्रवादी तथा अपराधी समूह संवाद आधारित एआई का उपयोग रणनीतिक सलाह, दुष्प्रचार, साइबर हमलों की तैयारी और भर्ती अभियानों के लिए करने लगे हैं। इससे विश्व समुदाय के सामने एक नई और जटिल सुरक्षा चुनौती खड़ी हो गई है। एआई का मूल उद्देश्य मनुष्य के निर्णय, विश्लेषण और कार्य क्षमता को बेहतर बनाना था। चिकित्सा, कृषि, शिक्षा, आपदा प्रबंधन और वैज्ञानिक अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में इसके असंख्य सकारात्मक उपयोग सामने आए हैं। यही तकनीक रोगों की पहचान करती है, मौसम का पूर्वानुमान देती है, किसानों को सलाह देती है और विद्यार्थियों के लिए व्यक्तिगत अध्ययन सामग्री तैयार करती है। समस्या तब उत्पन्न होती है जब यही क्षमता गलत हाथों में पहुंच जाती है। हाल में प्रकाशित एक विस्तृत सुरक्षा रिपोर्ट में कई ऐसे उदाहरण सामने आए, जिनमें राज्य समर्थित समूहों, हथियार विकसित करने वाले नेटवर्क, जासूसी तंत्र, दुष्प्रचार फैलाने वाले संगठनों और साइबर अपराधियों ने एआई का उपयोग अपने अभियानों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए किया। रिपोर्ट के अनुसार पहले जिन कार्यों के लिए विशेषज्ञों की पूरी टीम और लंबा समय आवश्यक होता था, अब वही कार्य कुछ व्यक्तियों द्वारा बहुत कम समय में किए जा सकते हैं। यह परिवर्तन केवल गति का नहीं, बल्कि क्षमता के लोकतंत्रीकरण का भी संकेत है। अब अत्यधिक तकनीकी ज्ञान के बिना भी कोई समूह बड़े पैमाने पर प्रभाव उत्पन्न कर सकता है। सबसे गंभीर चिंता साइबर युद्ध को लेकर व्यक्त की जा रही है। संवाद आधारित एआई विशाल मात्रा में उपलब्ध सूचनाओं का विश्लेषण करके संभावित कमजोरियों की पहचान कर सकती है। यही क्षमता किसी संस्था को अपने तंत्र की सुरक्षा मजबूत करने में भी सहायता देती है और दुर्भावनापूर्ण तत्वों को कमजोरियों को समझने में भी लाभ पहुंचा सकती है। डीपफेक तकनीक ने इस संकट को और जटिल बना दिया है। किसी नेता, सैनिक या अधिकारी की कृत्रिम आवाज अथवा वीडियो बनाकर गलत संदेश प्रसारित किया जा सकता है। युद्ध जैसी संवेदनशील परिस्थितियों में ऐसी सामग्री कुछ ही घंटों में व्यापक भ्रम और सामाजिक अशांति पैदा कर सकती है। यही कारण है कि अनेक देशों की सुरक्षा एजेंसियां अब केवल सीमा सुरक्षा ही नहीं, बल्कि डिजिटल सूचना की विश्वसनीयता की रक्षा को भी राष्ट्रीय सुरक्षा का हिस्सा मान रही रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष ने यह भी दिखाया है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधुनिक युद्ध में निर्णय प्रक्रिया को कितना तेज कर सकती है। उपग्रह चित्रों, ड्रोन से प्राप्त वीडियो, रडार संकेतों और अन्य आंकड़ों का तत्काल विश्लेषण करके लक्ष्य पहचानने और संसाधनों के उपयोग में सहायता मिलती है। इससे युद्ध संचालन अधिक सटीक और तीव्र हो जाता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण विचार यह उभर रहा है कि परमाणु हथियारों की तरह एआई के लिए भी स्पष्ट सुरक्षा सीमाएं निर्धारित की जाएं। हाल के संयुक्त संवाद में सुरक्षा विशेषज्ञों ने सुझाव दिया कि परमाणु नियंत्रण प्रणाली, महत्वपूर्ण साइबर संरचनाओं और स्वचालित सैन्य प्रतिक्रिया पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता को स्वतंत्र निर्णय लेने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। साथ ही आकस्मिक घटनाओं की स्थिति में देशों के बीच प्रत्यक्ष संवाद तंत्र विकसित करने की भी आवश्यकता बताई गई है, जिससे गलतफहमी के कारण युद्ध की आशंका कम हो सके। इतिहास सिखाता है कि हर महान तकनीकी खोज मानवता के लिए अवसर और संकट दोनों लेकर आई है। बिजली ने उद्योगों को गति दी, लेकिन उससे विनाशकारी हथियार भी बने। परमाणु ऊर्जा ने चिकित्सा और ऊर्जा उत्पादन में योगदान दिया, पर उसी से परमाणु बम भी बना। कृत्रिम बुद्धिमत्ता भी उसी मोड़ पर खड़ी है। यह मानव कल्याण की सबसे बड़ी सहायक बन सकती है और यदि उसका दुरुपयोग हुआ तो वैश्विक अस्थिरता का कारण भी बन सकती है। इसलिए आज सबसे बड़ी आवश्यकता तकनीक को रोकने की नहीं, बल्कि उसे मानवीय मूल्यों, लोकतांत्रिक उत्तरदायित्व और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के साथ संचालित करने की है। भविष्य का सुरक्षित विश्व केवल बुद्धिमान मशीनों से नहीं, बल्कि विवेकपूर्ण मनुष्यों से निर्मित होगा।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

यह मन का कमाल है

संकलित
दर्शन

सिर्फ अनुभव करने से ही यह आएगी। अगर आप अपनी आंखें बंद करके अपने मन से कोई चीज हटाने की कोशिश करते हैं, तो आप कभी सफल नहीं होंगे। दाढ़ी बनाते समय बहुत से लोग अपना चेहरा काट लेते हैं, क्योंकि वे त्वचा से अधिक निकट दाढ़ी काटना चाहते हैं और रेजर उनकी योजना से अधिक निकट चला जाता है। यह मन का कमाल है। जो चीजें आप चाहते हैं, उनका प्रतिरोध करने की कोशिश कीजिए। आप देखेंगे कि वे आपके अंदर तीव्रता से व्यक्त होंगी। अगर आप कोई चीज नहीं चाहते हैं कि वह हो, तो उसे न होने देने की कोशिश कीजिए। तब वह जरूर होगी। ऐसा इसलिए है, क्योंकि आप एक ऐसी अवस्था में हैं, जहां आप अपने मन को पहले गियर में डालना चाहते हैं और वह रिवर्स गियर में चला जाता है। चीजें करने का यह सबसे अच्छा तरीका नहीं है, लेकिन यह समझने के लिए कि अभी मन उसी तरह है, आप इसे आजमा सकते हैं। अगर आप किसी चीज का विरोध करते हैं, तो सिर्फ वही चीज घटित होगी। इसलिए मन का प्रतिरोध मन कीजिए, अपने मन की खोज कीजिए। आपका मन कैसे कार्य करता है, उसे समझना किसी बौद्धिक विश्लेषण से नहीं आता। इसकी खोज करनी पड़ती है। अपने शरीर को एक मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन किस विशेष ढंग से काम करता है। अपने शरीर को दूसरी मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन एक अलग ढंग से काम करता है। अगर आप एक आसन में बैठकर ठीक ढंग से सांस लेते हैं, तो मन विभिन्न अवस्थाओं में चला जाएगा।

काम शुरू करने से महत्वपूर्ण है काम करते रहना

संकलित
प्रेरणा

एक प्राचीन कथा के मुताबिक, ब्रह्मा और विष्णु ने शिवलिंग के मस्तक और पैरों की खोज शुरू की। ब्रह्मा को शिव का मस्तक ढूंढने का और विष्णु को शिव के पैर ढूंढने का कार्य सौंपा गया। सभी देवता इसके आरंभ और अंत के विषय में जानने के लिए उत्सुक थे। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा आरंभ की और वे आगे बढ़ते गए। कई लोक पीछे छूट गए और कई युग बीत गए। फिर भी ब्रह्मा शिव के मस्तक का पता नहीं लगा पाए। सृष्टि का एक अंत है। सृजन एक बिंदु पर समाप्त होता है। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा उसके बाद भी जारी रखी। उन्होंने एक केतकी का पुष्प देखा जो आकाश से नीचे आ रहा था। ब्रह्मा ने केतकी पुष्प से पूछा, 'तुम कहां से आ रहे हो? क्या तुमने शिव का मस्तक देखा है? यहां से शिव का मस्तक कितनी दूर है?' केतकी पुष्प ने कहा, 'मैं शिव के मस्तक से आ रहा हूं।' तो ब्रह्मा ने निष्कर्ष निकाला कि शिव का एक मस्तक था और वे पुष्प लेकर नीचे आए। विष्णु का कार्य शिव के पैरों की खोज करना था। ऐसा कहा जाता है कि विष्णु बहुत विनम्र हैं। पालनकर्ता को हमेशा बहुत विनम्र होना चाहिए। रचयिता जैसा भी हो, यदि पालनकर्ता विनम्र हो, तभी पालन कार्य संभव है। व्यवसाय आरंभ करना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन आपको व्यवसाय चलाने के लिए बहुत सतर्क, बहुत विनम्र रहना पड़ेगा, अन्यथा व्यापार डूब जाएगा। विष्णु की विनम्रता ने ही उन्हें शिव के चरणों को ढूंढने का कार्य करने योग्य बनाया। युगों तक यात्रा करने के बाद, विष्णु शिव के चरणों को ढूंढने में सक्षम नहीं हुए।

अंतर्मन

आज की पाती

न्याय में देरी, व्यवस्था पर भारी

सुप्रीम कोर्ट से लेकर निचली अदालतों तक लंबित मुकदमों की संख्या बढ़ रही है। हालिया रिपोर्ट के अनुसार उच्च न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या 65 लाख पार कर गई है। इनमें बड़ी संख्या ऐसे मामलों की है, जो वर्षों से न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इलाहाबाद और राजस्थान हाई कोर्ट में लंबित मामलों का बोझ बड़ा है। बंबई, मद्रास, कर्नाटक और मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की स्थिति चिंताजनक है। विडंबना यह है कि हाई कोर्ट का यह बोझ पूरे न्यायिक संकट का केवल एक हिस्सा है। जिला और अधीनस्थ अदालतों में करोड़ों मामले लंबित हैं, जबकि सुप्रीम कोर्ट में भी लंबित मामलों की संख्या बढ़ रही है। एनसीएलटी और विभिन्न न्यायाधिकरण भी मुकदमों के बढ़ते दबाव से जूझ रहे हैं। यानी न्याय के हर मंच पर समय की कमी और मामलों की अधिकता एक साथ दिखाई दे रही है।

- कृष्ण शर्मा, रोहतक

ट्रेंड

हनुमान अंश की टीम को बधाई

आज नई दिल्ली में बाबा नीब करौरी जी के जीवन पर आधारित फिल्म 'हनुमान अंश' के कलाकारों से भेंट की। हनुमान जी के प्रति उनकी भक्ति को सिनेमा के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने के लिए फिल्म की पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई। **-अमित शाह,** गृह मंत्री

एसआईआर ने फंसाया

एसआईआर केवल वोट चोरी व लोकतंत्र को खत्म करने का औजार ही नहीं है। बल्कि ये एक फ्रेंकेंस्टीन मॉन्स्टर (एक कहानी का किरदार) बन गया है, जिसने अब उसी के लोगों को फंसा दिया है। **-मल्लिकार्जुन खरगे,** कांग्रेस अध्यक्ष

दशहरे पर लागू होगा समझौता

हम अपनी द्विपक्षीय आर्थिक साझेदारी में अगले महत्वपूर्ण पड़ाव को आगे बढ़ा रहे हैं। भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता 20 अक्टूबर को 'दशहरा' के शुभ अवसर पर लागू होगा। यह न्यूजीलैंड के साथ एक मजबूत और अधिक महत्वाकांक्षी आर्थिक साझेदारी बनाने की हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। **-पीयूष गोयल,** केंद्रीय मंत्री

ट्रंप से अहम मुलाकात

रूस के साथ साढ़े चार साल से चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए यह मुलाकात बहुत अहम है और इससे बहुत कुछ बदल सकता है। हमने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से बात की है। दोनों ने तय किया है कि वे अगले हफ्ते न्यूयॉर्क में होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा के सालाना सत्र के दौरान मुलाकात करेंगे। **-वोलोदिमिर जेलेंस्की,** यूक्रेन के राष्ट्रपति

करंट अफेयर

अत्यधिक मजबूत प्रतिरक्षा के बावजूद लूपस से पीड़ित लोग



लूपस बीमारी से पीड़ित लोगों को अत्यधिक सक्रिय प्रतिरक्षा प्रणाली होने के बावजूद जीवाणु संक्रमण से निजात पाने में समस्या पेश आ सकती है। मेरी टीम और मैंने पाया कि ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि पुरानी और निरंतर रहने वाली सूजन ऐसे लोगों की प्रतिरक्षा कोशिकाओं को भ्रमित कर देती है। एक अत्यधिक सक्रिय प्रतिरक्षा प्रणाली जीवाणु संक्रमण को नियंत्रित करने में विफल क्यों हो सकती है, इसे समझने के लिए हमने न्यूट्रोफिल पर ध्यान केंद्रित किया। न्यूट्रोफिल ऐसी सफेद रक्त कोशिकाएं होती हैं जो शरीर में जीवाणु के प्रवेश करने पर सबसे पहले प्रतिक्रिया करती हैं। न्यूट्रोफिल डीएनए और रोगाणुरोधी प्रोटीन छोड़ सकते हैं, जिन्हें न्यूट्रोफिल एक्स्ट्रासेलुलर ट्रैप या 'नेट्स' कहा जाता है। ये नेट्स जीवाणु (बैक्टीरिया) को जकड़कर उनके फैलाव को सीमित कर सकते हैं और उन्हें मार सकते हैं। वैज्ञानिक अक्सर इन ट्रैप को एक समान मानते हैं, लेकिन शरीर अलग-अलग तरीकों से नेट्स बना सकता है, और वे सभी एक समान रूप से प्रभावी नहीं होते। उदाहरण के लिए, 'स्टैफिलोकोकस ऑरियस' नामक बैक्टीरिया शरीर पर हमला करता है तो लैक्टेट नाम का एक रसायन छोड़ता है। इसके बाद न्यूट्रोफिल एक जाल बनाता है, जो जीवाणुरोधी प्रोटीन से भरपूर होता है।

ऑफ बीट

नींद में क्यों बोलते हैं लोग? मनोवैज्ञानिक ने समझाया

नींद मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञ माइकल आर. नाडोर्फ ने बताया कि उन्होंने करीब दो दशक तक नींद का अध्ययन किया है। उन्हें खास तौर पर 'पैरासोमनिया' में दिलचस्पी है। यह ऐसी घटनाएं होती हैं जिनमें नींद के दौरान शरीर कुछ गतिविधियां करता है या दिमाग कुछ अनुभवों से गुजरता है। इनमें बुरे सपने, नींद में चलना और नींद में बोलना शामिल हैं। नींद एक ही अवस्था नहीं है। हर रात व्यक्ति नींद के कई चरणों से गुजरता है। करीब एक चौथाई नींद 'आरईएम' यानी 'रैपिड आई मूवमेंट' (आंखों की तेज गति) चरण में होती है। इसी दौरान ज्यादातर सपने, खासकर जीवंत सपने, आते हैं। 'नॉन-आरईएम' नींद, जिसमें गहरी नींद की अवस्थाएं भी शामिल हैं, रात की कुल नींद का करीब 75 से 80 प्रतिशत हिस्सा होती है। इस दौरान शरीर की गतिविधियां काफी धीमी हो जाती हैं, जिससे उसे आराम करने और खुद की मरम्मत करने का अवसर मिलता है। डॉक्टर इन सभी चरणों को मिलाकर 'स्लीप आर्किटेक्चर' कहते हैं। ये चरण रात में लगभग हर 90 मिनट में चक्र के रूप में दोहराते हैं। सोने के तुरंत बाद नॉन-आरईएम नींद अधिक होती है, जबकि सुबह के शुरुआती घंटों में आरईएम नींद का हिस्सा बढ़ जाता है। चूहों से लेकर बिल्लियों और हाथियों तक सभी स्तनधारी किसी न किसी रूप में सोते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

टीम इंडिया की लगातार दूसरी जीत दीपिका, रुतुजा, नवनीत की हैट्रिक

भारतीय महिला हॉकी टीम ने इंडोनेशिया को 17-1 से हराया

एजेंसी ▶▶| काकामिगाहारा

ड्रैग फ्लिकर दीपिका, फॉरवर्ड रुतुजा पिसाल और नवनीत कौर की हैट्रिक के दम पर भारतीय महिला हॉकी टीम ने इंडोनेशिया को 17-1 से हराकर एशियाई खेलों के पूल बी में सोमवार को लगातार दूसरी जीत दर्ज की। दीपिका ने आठवें, 28वें और 40वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागे। इससे पहले उजबेकिस्तान के खिलाफ 19-0 से मिली जीत में दीपिका ने 8 गोल दागे थे।

रुतुजा ने 15वें, 20वें और 38वें मिनट में गोल किए। नवनीत ने 35वें, 56वें और 57वें मिनट में गोल दागे। सुनेलिटा टोप्पो (11वां, 30वां) , लालरेम्सियामी (12वां और 16वां) और साक्षी राणा (25वां और 57वां) ने दो-दो गोल किए जबकि कप्तान सलीमा टेटे (35वां) और इशिका चौधरी (36वां) ने एक-एक गोल किया। इंडोनेशिया के लिये एकमात्र गोल इनेस आदितिया ने 32वें मिनट में दागा ।

भारत का सामना थाईलैंड से कल

भारत का सामना अब बुधवार को थाईलैंड से होगा। भारत को चौथे ही मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक मिला लेकिन नवनीत के प्रयास को इंडोनेशियाई गोलकीपर ने रोक दिया। दीपिका ने आठवें मिनट में भारत को बढत दिलाई। इसके तीन मिनट बाद नेहा के पास पर सुनेलिटा ने गोल दागा। दो मिनट बाद पेनल्टी कॉर्नर पर दीपिका की फ्लिक इंडोनेशियाई गोलकीपर ने बचा ली, जिसके बाद रिबाउंड पर लालरेम्सियामी ने गोल किया। रुतुजा ने साक्षी राणा का प्रयास बचा लिए जाने के बाद डिफ्लैक्शन पर गोल दागा। एक मिनट बाद लालरेम्सियामी ने और फिर रुतुजा ने गोल किए। साक्षी ने 27वें मिनट में दीपिका के पेनल्टी कॉर्नर गोल के बाद रिबाउंड पर गोल किया।

321 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली हॉकी खिलाड़ी बनी सविता

काकामिगाहारा। भारतीय हॉकी की दीवार कही जाने वाली गोलकीपर सविता पूनिया सोमवार को भारत के लिए सबसे ज्यादा 321 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली महिला हॉकी खिलाड़ी बन गई, जिन्होंने वंदना कटारिया का रिकॉर्ड तोड़ा। सविता ने यह उपलब्धि एशियाई खेलों में पूल बी में इंडोनेशिया के खिलाफ दूसरे मैच में हासिल की। हॉकी इंडिया ने इस उपलब्धि पर उनके लिए 10 लाख रुपए के नकद पुरस्कार की घोषणा की है। पूर्व कप्तान और तीन बार एफआईएच की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर (2020, 2021, 2023) चुनी जा चुकी सविता ने 2009 में अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण किया था और अब तक तीन ओलंपिक, तीन विश्व कप और दो एशियाई खेलों में भाग ले चुकी हैं। उन्होंने एफआईएच प्रो लीग में नीदरलैंड के खिलाफ फरवरी 2025 में हुए मैच के दौरान 300 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे किए थे। वह वंदना के अलावा 300 से अधिक मैच खेलने वाली अकेली भारतीय महिला खिलाड़ी और पीआर श्रीजेश के बाद एकमात्र गोलकीपर हैं।

बैडमिंटन पुरुष: क्वार्टर फाइनल में भारत, बांग्लादेश को हराया

इचिनोमिया। भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम बांग्लादेश को 3-0 से हराकर सोमवार को क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी और श्रीकांत ने एक भी गेम गंवाए बिना क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका सामना मंगलवार को मेजबान जापान से होगा। महिला टीम भी अंतिम आठ में जापान से खेलेगी। लक्ष्य ने इब्न ऐमान जमान को आधे घंटे से भी कम समय में 21-4, 21-12 से मात दी। इसके बाद आयुष ने गौरब सिंह को 25 मिनट में 21-4, 21-13 से हराया। श्रीकांत ने जुमार अल अमीन को 23 मिनट में 21-15, 21-9 से शिकस्त दी। मैच के बाद लक्ष्य ने कहा,' मेरे लिए हालात के अनुरुप ढलना अहम था। यह कठिन मैच नहीं लग रहा था लेकिन पहला मैच काफी पेचीदा हो सकता है। मैं अच्छी शुरुआत करके कोर्ट के अनुसार खुद को ढलने के इरादे से ही आया था।

महिला टेबल टेनिस : पाकिस्तान को हराकर क्वार्टर फाइनल में भारत



टोयोटा। भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम ने सोमवार को एकतरफा मुकाबले में पाकिस्तान को 3-0 से हराकर एशियाई खेलों के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। स्काई हॉल में भारत ने ग्रुप एफ में लगातार तीसरी जीत दर्ज कर शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने रविवार को अपने शुरुआती मुकाबलों में इंडोनेशिया और सिंगापुर को हराया था और इसके बाद चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ भी अपना दबदबा कायम रखा। हांगझोउ एशियाई खेलों में महिला युगल का कांस्य पदक जीतने वाली सुतीर्था मुखर्जी ने अलीना खान को केवल 10 मिनट में 11-3, 11-3, 11-4 से हराकर भारत को शानदार शुरुआत दिलाई।इसके बाद 17 वर्षीय सिंड्रेला दास ने कलसूम खान को 11-6, 11-7, 11-5 से हराकर भारत की बढ़त 2-0 कर दी।

मुक्केबाजी : प्री क्वार्टर फाइनल में सुमित कुंडू

निशियो। भारत के मुक्केबाजी अभियान की एशियाई खेलों में सोमवार को शानदार शुरुआत हुई जब सुमित कुंडू ने 70 किग्रा वर्ग के शुरुआती दौर में थाईलैंड के बुनजोंग सिनसिरी को सर्वसम्मत फैसले में हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पिछले महीने राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने से चूके दो भारतीय मुक्केबाजों में शामिल कुंडू ने अंतिम दौर में दबदबा बनाते हुए सिनसिरी को 5-0 से हराया। अब उनका सामना इराक के अली कासिम हमदान अल सर्रा से होगा। भारत ने एशियाई खेलों के लिए 11 सदस्यीय मुक्केबाजी टीम उतारी है, जिसमें छह पुरुष और पांच महिला मुक्केबाज शामिल हैं। पिछले एशियाई खेलों में भारतीय मुक्केबाजों ने चार पदक जीते थे, जिनमें एक रजत और तीन कांस्य पदक शामिल थे।

भारतीय रोइंग टीम में असंतोष तूफान दुजुआन का खतरा

भाषा ▶▶| नागोया

एशियाई खेलों में भारत के रोइंग शिविर में असंतोष पनप रहा है, क्योंकि कुछ खिलाड़ियों का दावा है कि उन्हें उन स्पर्धाओं से हटा दिया गया है जिनके लिए उन्हें मूल रूप से चुना गया था और कुछ रिजर्व खिलाड़ियों को पहली टीम में शामिल किया गया है। रोइंग की प्रतियोगिताएं बुधवार से शुरू हो रही हैं। एक रोवर ने बताया कि उन्हें उनकी पसंदीदा स्पर्धा से हटा दिया गया है और उनकी जगह एक रिजर्व खिलाड़ी को शामिल किया गया है। पता चला है कि 2022 एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता अरविंद सिंह, जिन्हें सिंगल स्कल्स में हिस्सा लेना था, उन्हें क्वाड्रपल स्कल्स में भेज दिया गया है। बलराज पंवार, जो क्वाड्रपल स्कल्स में थे, उन्हें सिंगल स्कल्स में भेज दिया गया। पुरुष युगल टीम में सौरभ कुमार और विपुल सतीश को शामिल किया जाना था, लेकिन उनकी जगह नितिन कुमार और जसविंदर सिंह को लिया जाएगा। रिजर्व खिलाड़ी जसमाइल सिंह को कॉक्सलेस फोर में जगह दी जाएगी।

तूफान दुजुआन की आशंका से घुड़सवारी प्रतियोगिता स्थगित

आइची-नागोया एशियाई खेलों के आयोजकों ने सोमवार को तोक्यो में होने वाली घुड़सवारी प्रतियोगिता को तूफान दुजुआन के संभावित खतरे के कारण मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दिया। आयोजकों ने अब नया कार्यक्रम जारी कर दिया है, जिसके अनुसार इवेंटिंग ड्रेसेज और इवेंटिंग जंपिंग मंगलवार से शुरू होंगे।

खबर संक्षेप

वित्तीय मॉडल पर काम कर रही सुपर लीग केरला

नई दिल्ली। सुपर लीग केरला एक नए वित्तीय मॉडल पर काम कर रही है, जिसका मकसद अगले सत्र से अपनी ज्यादातर फ्रेंचाइजी को 'ब्रेक इवन प्वाइंट' (न लाभ न हानि) के करीब लाने के साथ ही जर्मन फुटबॉल संघ के साथ पांच साल का तकनीकी रोडमैप भी तैयार करना है। जर्मन फुटबॉल संघ के साथ तैयार रोडमैप में हर साल करीब 200 युवा प्रतिभाओं के लिए रिहायशी उत्कृष्टता केंद्र (सेंटर आफ एक्सीलैंस) स्थापित करना भी है। लीग के निदेशक और सीईओ मैथ्यू जोसेफ ने कहा,' हमने यह पाया कि काफी खर्च करने से टीमें टिक नहीं पाएंगी। यही एक वजह है कि लीग की शुरुआत से ही हमने मितव्ययिता की पैरवी की, चाहे वह वेन्यू का खर्च हो, लागत हो या खिलाड़ियों के लिए पर्स हो।'

इंडियन सुपर लीग के सीईओ बने यादव

मुंबई। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) ने जेएसडब्ल्यू स्पोटर्स के मुख्य व्यावसायिक अधिकारी करण यादव को सीईओ नियुक्त किया, जो क्लबों की अगुवाई वाले नए मॉडल में लीग का नेतृत्व करेंगे। सीईओ के तौर पर यादव लीग ऑफिस और आईएसएल की रणनीतिक, व्यावसायिक और संगठनात्मक दिशा का नेतृत्व करेंगे और इसके क्लबों और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के साथ मिलकर काम करेंगे। यादव ने कहा ,'आईएसएल नए अहम अध्याय की ओर बढ रहा है और मुझे खुशी है कि भविष्य को दिशा देने का मौका मिला है।

भारत की शानदार शुरुआत, जापान को 49-24 से हराया

एजेंसी ▶▶| टोकाई सिटी

गत चैंपियन भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने मेजबान जापान को 49-24 से हराकर अपने खिताब की रक्षा के अभियान की शानदार शुरुआत की। भारत ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा और टोकाई सिटीजन्स जिम्नेजियम में अयान लोचब और देवांक दलाल ने रेडिंग में प्रभावी प्रदर्शन करते हुए मध्यांतर तक टीम को 31-9 की बढ़त दिला दी। गत चैंपियन भारत ने दूसरे हाफ में 18 अंक और जोड़े। भारत ने 36 अंक आउट करके, आठ अंक ऑलआउट करके और दो अंक सुपर टैकल के जरिए हासिल किए।

डेविस कप : ज्वेरेव ने प्रिज्मिक को महज 77 मिनट में हराया

एजेंसी ▶▶| हाले

अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने डिनो प्रिज्मिक को आसानी से हराया, जिससे जर्मनी ने क्रोएशिया को 3-1 से शिकस्त देकर डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के अंतिम 8 में जगह बनाई।

ज्वेरेव ने प्रिज्मिक को 6-2, 6-4 से हराने में केवल 77 मिनट लिए। प्रिज्मिक की रैंकिंग अमेरिकी ओपन और फ्रेंच ओपन के चैंपियन ज्वेरेव से 100 से अधिक स्थान नीचे है। विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज ज्वेरेव ने जर्मनी के हाले में इंडोर हार्ड कोर्ट पर दबदबा बनाए रखा। प्रिज्मिक को मैच में एक भी ब्रेक प्वाइंट का मौका नहीं मिला।

इससे पहले रविवार को केविन क्राविएत्ज और टिम पुएत्ज की जोड़ी ने निकोला मेक्टिच और माते पाविच को 7-5, 6-2 से हराकर ज्वेरेव को जर्मनी को नवंबर में इटली के बोलोन्या में होने वाले अंतिम आठ मुकाबलों में पहुंचाने का मौका दिया था।

जर्मनी अंतिम आठ में, ब्रिटेन आगे बढ़ा

ब्रिटेन ने अंतिम-8 में बनाई जगह

ब्रिटेन ने भी अंतिम आठ टीमों में जगह बनाई। हेनरी पैटन और नील स्कूप्स्की की युगल जोड़ी ने गोंजालो एस्कोबार और डिएगो हिडाल्गो को 6-3, 6-4 से हराकर इक्वाडोर पर ब्रिटेन की 3-0 की अजेय बढ़त सुनिश्चित की।

शतरंज ओलंपियाड: उज्बेकिस्तान से हारी भारतीय पुरुष टीम

समरकंद (उज्बेकिस्तान)। मौजूदा चैंपियन भारतीय पुरुष टीम को 46वें शतरंज ओलंपियाड के छठे दौर में मेजबान उज्बेकिस्तान की टीम से हार का सामना करना पड़ा। तीसरे बोर्ड पर नोदिरबेक याकुब्बोएव ने जीत हासिल की, जबकि अन्य मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए। पहले बोर्ड पर आर प्रज्ञानानंद ने नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव से और दूसरे बोर्ड पर अर्जुन एरिगैसी ने जावोखिर सिंदारोव के साथ ड्रॉ खेला। चौथे बोर्ड पर डी गुकेश और शमसिद्दीन वोखिदोव का मुकाबला भी बराबरी पर छूटा। लेकिन प्रतियोगिता में अब तक अच्छा प्रदर्शन करने वाले निहाल सरीन तीसरे बोर्ड पर हार गए जिससे भारत को 1.5-2.5 से पराजय झेलनी पड़ी। इस हार से भारतीय टीम ने बढ़त गंवा दी है और अब उसे मुकाबले में वापसी करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। भारत के अब 10 अंक हैं जबकि उज्बेकिस्तान की टीम 12 अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गई है। वहीं, भारतीय महिला टीम वापसी करने के लिए तैयार थी क्योंकि वह अमेरिका के खिलाफ 2-1 से आगे थी। कोनेरू हम्पी और दिव्या देशमुख के मैच ड्रॉ रहे, जबकि सविता श्री एकमात्र ऐसी खिलाड़ी थीं जो जीत हासिल कर सकीं।

भारत और जापान के बीच मुकाबला आज

सानो। जापान की क्रिकेट टीम ऐतिहासिक टी20 मुकाबले में मंगलवार को मौजूदा चैंपियन भारत का सामना करेगी तो यही उम्मीद होगी कि इस मैच का असर बेसबॉल के दीवाने इस देश में मैदान से बाहर तक नजर आए। इस मैच की घोषणा हाल ही में की गई और यह भारत-जापान राजनयिक संबंधों की 75वीं सालगिरह के उपलक्ष्य में खेला जाएगा। भारत मौजूदा विश्व चैम्पियन है और जापान 41वीं रैंकिंग पर है लिहाजा यह बेमेल सा ही मुकाबला है, जिसे आइची नागोया में एशियाई खेलों के बीच आयोजित किया जा रहा है। आंकड़ों से इतर बात करें तो इस मैच के जरिए जापान के क्रिकेटरों को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों से खेलने का मौका मिलेगा। जापान क्रिकेट संघ के सीओओ एलेन कर ने कहा,'जापान क्रिकेट की पृष्ठभूमि में कई सालों से बहुत कुछ चल रहा है और अब यह बहुत अच्छा है कि हम समुद्र तल से ऊपर है और हम असल में कुछ और लोगों को दिखाई दे रहे हैं।'

भारत अंडर-19 टीम का सीरीज पर कब्जा

वनडे में ऑस्ट्रेलिया पर भारत की शानदार जीत

एजेंसी ▶▶| राजकोट

भारत की अंडर-19 टीम ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध अनाधिकारिक वनडे सीरीज का दूसरा मैच 103 रन से अपने नाम किया। निरंजन शाह स्टेडियम में इस जीत के साथ मेजबान टीम ने तीन मुकाबलों की सीरीज पर 2-0 से अपना कब्जा जमा लिया है। भारतीय टीम ने 18 सितंबर को खेले गए सीरीज के पहले मैच को 7 रन से जीता था, जिसमें बारिश के चलते 30-30 ओवरों की कटौती हुई। अब दूसरा मैच जीतकर मेजबान टीम ने सीरीज पर कब्जा कर लिया है। सीरीज का तीसरा और अंतिम मैच 23 सितंबर को इसी मैदान पर खेला जाएगा। इसके बाद दोनों टीमें दो टेस्ट मुकाबलों की सीरीज खेलेंगी।

भारत ने बनाए 341 रन

राजकोट में टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी भारतीय अंडर-19 टीम ने 50 ओवरों में 7 विकेट खोकर 341 रन बनाए। कप्तान लक्ष्य रैचंदानी ने आर्यवीर सहवाग के साथ पहले विकेट के लिए 46 रन की साझेदारी की। लक्ष्य 11 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद आर्यवीर ने वीके विनीत के साथ दूसरे विकेट के लिए 55 रन जोड़कर टीम को शतक के पार पहुंचा दिया। आर्यवीर 48 गेंदों में 9 चौकों के साथ 47 रन बनाकर आउट हुए।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जोशी, पुत्र मांगे राम, निवासी: वीपीओ, लोहारी हेडी, झज्जर, हरियाणा** ने **FIR No.: 62/2019, U/s: 33/38/58/ Delhi Excise Act, पुलिस थाना ख्याला, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **जोशी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **जोशी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना ख्याला, दिल्ली** के अभियुक्त **जोशी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 24.10.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री शीतल रानी
जेएमएफसी–12, पश्चिम, कमरा नंबर 152
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/13262/WD/2026

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ई–निविदा प्रणाली द्वारा खुली निविदा आमंत्रित की जाती हैं

निविदा का तरीका	E-Tender (Two Packet)
निविदा सूचना संख्या	132-W/Dy. CE/C/UMB/2026-27
कार्य का नाम एवं स्थान	लुधियाना–धुरी–जाखल सेक्शन पर मलेरकोटला और कुप रेलवे स्टेशनों के बीच Km 43/11–12 पर मौजूद ROB नंबर 108–A का पुनर्निर्माण, ताकि डब्ल स्टैक कंटेनरों की आवाजाही हो सके।
अनुमानित/निदेषात्मक परियोजना लागत	रूपये 745,188,424.66
कार्य निष्पादन की अवधि	12 (बारह) माह
जमा की जाने वाली जमानती राशि	रूपये 14903800.00
ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय	निविदा दस्तावेज 15:00 बजे दिनांक 16.09.2026 से 15:10.2026 तक आईआरईपीएस की वेबसाईट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।
पूर्व–बोली सम्मेलन एवं माध्यम	24.09.2026 को 12:00 बजे VC लिंक के जरिए ऑनलाइन या Dy.CE/C/UMB ऑफिस में व्यक्तिगत रूप से VC लिंक और अन्य जानकारी टेंडर डॉक्यूमेंट में दी गई है।
निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि/समय	15.10.2026 को 15:00 बजे तक, निविदाकर्त्ता द्वारा 01.10.2026 से 15.10.2026 तक आईआरईपीएस की वेबसाईट अर्थात www.ireps.gov.in पर निविदा दस्तावेज अपलोड की जा सकती है।
ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय	15:00 बजे दिनांक 15.10.2026 को खोली जाएगी। उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी विस्तृत सूचना देखी जा सकती है।

No. 132–डब्ल्यू/उप.मु.अभि.नि./अ.छा./2026–27, Date: As Signed

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3277/26

स्पेनिश लीग : एटलेटिको ने रियाल मैड्रिड को 2-1 से हराया

मैनचेस्टर सिटी ने शीर्ष पर की अपनी बढ़त मजबूत

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

एटलेटिको मैड्रिड ने स्पेनिश लीग के इस सत्र के अपने पहले डर्बी मुकाबले में 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे रियाल मैड्रिड को 2-1 से हराया जबकि मैनचेस्टर सिटी ने प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में संडरलैंड को 5-3 से शिकस्त देकर शीर्ष स्थान पर अपनी बढ़त मजबूत की। एटलेटिको के लिए दूसरे हाफ में अलेजांद्रो ग्रिमाल्डो और जोनाथन डेविड ने गोल किए। इस जीत से एटलेटिको दूसरे स्थान पर पहुंच गया जबकि बार्सीलोना शीर्ष पर है। मैच के बाद रियाल मैड्रिड के कोच जोस मोरिन्हो ने रेफरी के फैसलों की कड़ी आलोचना की। इंग्लैंड में मैनचेस्टर सिटी ने संडरलैंड को 5-3 से हराकर गत चैंपियन आर्सेनल पर तीन अंक की बढ़त बना ली। वहीं, क्रिस्टियन पुलिसिच ने इटली में एसी मिलान की लीस पर 3-0 की जीत में इस सत्र का अपना पहला गोल किया।

■ प्रीमियर लीग : मैनचेस्टर सिटी ने रोमांचक मुकाबले में संडरलैंड को दी शिकस्त

पेरिस सेंट जर्मेन नेमार्सेलो को हराया

फ्रांस में पेरिस सेंट जर्मेन ने पारंपरिक रूप से सबसे बड़े मुकाबलों में शुमार मैच में मार्सेलो को 2-1 से हराया जबकि नीस ने लिली को 2-1 से शिकस्त दी। सिरी ए में मासिमिलियानो एलेग्री के मार्गदर्शन में नेपोली की खराब शुरुआत का सिलसिला जारी रहा और टीम ने फियोरेंटीना के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला। फ्रांसिस्को कोंसेइकाओ और ग्लेइसन ब्रेमर के गोल की मदद से यूवेंटस ने अटलांटा को 2-0 से हराया जबकि पार्मा ने जेनोआ को 2-1 शिकस्त दी। कोमो को फ्रोसिनोने के खिलाफ 0-2 से हार मिली। बुंदेसलीगा सत्र की शुरुआत में लगातार दो जीत दर्ज करने वाले एल्वर्सबर्ग ने बायर्न म्यूनिख से हार के बाद शाल्के के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ खेला।

सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा, 18 नवंबर को अगली सुनवाई

अर्धसैनिक बलों में आईपीएस अफसरों की तैनाती जारी रहेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में सीएपीएफ में आईपीएस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति को सही ठहराया है। सोमवार को दिए गए इस शपथ पत्र में कहा गया है कि आतंकवाद, उग्रवाद और विद्रोह से निपटने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य पुलिस और केंद्रीय बलों के बीच तालमेल जरूरी है। सरकार के मुताबिक सीएपीएफ की अलग पहचान और ऑपरेशनल क्षमता बनाए रखने के लिए आईपीएस की मौजूदगी आवश्यक है। यह

आतंकवाद की लगाम कसने के लिए आईपीएस जरूरी

हलफनामा दो सितंबर के आदेश के अनुपालन में दाखिल हुआ। तब कोर्ट ने कैडर अफसरों के 'संगठित समूह ए सेवा' (ओजीएएस) मामले में अवमानना केस की सुनवाई करते हुए 23 मई 2025 के फैसले को लागू करने का रोडमैप मांगा था।

एसएससी के पास 13वें चरण की परीक्षा में गड़बड़ी से प्रभावित अभ्यर्थियों का डेटा उपलब्ध नहीं

नई दिल्ली। कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) के पास वर्ष 2025 में विभिन्न पदों के लिए आयोजित 13वें चरण के दौरान परीक्षा केंद्र बदलने, परीक्षा रद्द होने या तकनीकी गड़बड़ियों से प्रभावित अभ्यर्थियों की संख्या से जुड़ा कोई विशिष्ट डेटा उपलब्ध नहीं है। हालांकि, परीक्षा में आई बाधाओं के बाद 76,153 अभ्यर्थियों की पुनः परीक्षा आयोजित की गई थी। केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) को दिए गए अपने जवाब में एसएससी ने यह जानकारी दी है। भर्ती परीक्षा में कथित कुप्रबंधन को लेकर एसएससी अभ्यर्थियों और शिक्षकों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया था। प्रदर्शनकारी परीक्षा प्रक्रिया में जवाबदेही और सुधार की मांग को लेकर 'दिल्ली चलो' के आह्वान के तहत दिल्ली के जंतर-मंतर पर एकत्र हुए थे। यह परीक्षा 24 जुलाई 2025 को शुरू हुई थी और एक अगस्त को समाप्त होनी थी। लेकिन अचानक परीक्षा रद्द होने, सर्वर ठप होने, कंप्यूटर प्रणालियों के काम न करने और दूर-दराज के परीक्षा केंद्र आवंटित किए जाने की शिकायतों से प्रभावित रही। कुछ अभ्यर्थियों ने यह भी आरोप लगाया था कि उन्हें उनके घर से सैकड़ों किलोमीटर दूर परीक्षा केंद्र दिए गए थे।

रूस के चुनाव में पुतिन का जलवा, बंपर बहुमत, पार्टी ने रिकॉर्ड 355 सीटें जीतीं

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के समर्थन वाली युनाइटेड रशिया पार्टी ने बंपर बहुमत हासिल किया है। पुतिन की पार्टी ने संसद की 450 सीटों में से रिकॉर्ड 355 सीटें जीती हैं।रिपोर्ट के मुताबिक सेंट्रल इलेक्शन कमीशन के अनुसार, 95 प्रतिशत से ज़्यादा पोलिंग स्टेशनों के नतीजों से पता चला कि क्रेमलिन की 'यूनाइटेड रशिया' पार्टी को पार्टियों के लिए तय 225 सीटों में से 58 प्रतिशत से कुछ कम वोट मिले। बाकी 225 सांसद सिंगल-बैलेट मुकाबलों में चुने गए।

355 सीटें पार्टी के लिए अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा

राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन

सेंट्रल इलेक्शन कमीशन की चेयरपर्सन एला पमफिलोवा ने कहा कि शुरुआती नतीजों से संकेत मिला है कि 'यूनाइटेड रशिया' को 450 में से 355 सीटें जीतीं, जो पार्टी के लिए अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा होगा। यह चुनाव यूक्रेन के ड्रोन हमलों के बीच संपन्न हुए। रूस में संसदीय चुनाव के आखिरी दिन रविवार को यूक्रेन ने मास्को और आसपास के इलाकों में कथित तौर पर 1,600 से ज्यादा ड्रोन भेजे। मास्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने दावा किया कि राजधानी को निशाना बनाकर 450 ड्रोन भेजे गए थे।

खबर संक्षेप

अहमद बिन राशिद अल मकतूम का निधन

अबूधावी। संयुक्त अरब अमीरात के प्रधानमंत्री और दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम के छोटे भाई शेख अहमद बिन राशिद अल मकतूम का निधन हो गया। सोमवार को शेख मोहम्मद ने इसकी पुष्टि की। उनके निधन पर दुबई में 10 दिन के शोक की घोषणा हुई है। फिलहाल उनकी मौत की वजह नहीं बताई गई है। मकतूम के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर की अनुमति से, वे आज सोमवार सुबह अपने प्रभु की शरण में चले गए हैं।

चीन की कपड़ा फैक्ट्री में आग से 8 की मौत

बीजिंग। दक्षिण चीन में एक कपड़ा फैक्ट्री में आग लगने के बाद कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया, चीनी स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को बताया। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार घटना प्रांत के फोशान शहर में एक कपड़ा फैक्ट्री में हुई। बचाव कार्य अभी भी जारी है। 28 जुलाई को, शिनजियांग में एक फैक्ट्री में आग लगने के बाद लोग मारे गए।

भारतीय सेना के टैंकों की ताकत बढ़ाएगा स्वदेशी एपीयू, 586 करोड़ की डील

टी-72 और टी-90 टैंक इंजन बंद होने पर भी दागेंगे गोला, सरकार ने की बड़ी डील

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने टी-72 और टी-90 टैंकों के लिए सहायक विद्युत इकाइयों (एपीयू) की खरीद के लिए एक्यूरेट इंडस्ट्रियल कंट्रोल्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ 586 करोड़ रुपए के एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। यह अनुबंध 21 सितंबर, 2026 को नई दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में हस्ताक्षरित किया गया।

बता दे कि एपीयू टैंक के फायर कंट्रोल सिस्टम, फायरिंग सर्किट, गन स्टेबिलाइजेशन सिस्टम और अन्य सहायक उपकरणों के लिए विद्युत शक्ति उत्पादन का एक वैकल्पिक स्रोत है। स्वदेशी रूप से विकसित एपीयू को शामिल करने से भारतीय सेना की मशीनीकृत इकाइयों की संचालन तत्परता, विश्वसनीयता और स्थायित्व और अधिक मजबूत होगी। यह खरीद बख्तरबंद प्लेटफार्मों के महत्वपूर्ण उप-प्रणालियों के स्वदेशीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और उद्योग के नेतृत्व में किए गए अनुसंधान और विकास (मेक-2) को दर्शाती है। यह स्वदेशी नवाचार को उत्पादन और कार्यान्वयन में बदलने की प्रक्रिया की प्रभावशीलता को भी प्रदर्शित करती है। यह अनुबंध सरकार के 'विकसित भारत @2047' के विजन के अनुरूप है और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने और एक मजबूत, आत्मनिर्भर और विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी भारतीय रक्षा उद्योग के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

रक्षा मंत्रालय ने 586 करोड़ रुपए के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए | टी-90 टैंकों के लिए सहायक विद्युत इकाइयों की खरीद

इस करार से भारतीय सेना को होगा फायदा

मंत्रालय के मुताबिक, स्वदेशी एपीयू को टैंकों में शामिल करने से भारतीय सेना की मैकेनाइज्ड फॉर्मेशन की ऑपरेशनल रेडिनेस मजबूत होगी। साथ ही टैंकों की विश्वसनीयता और सस्टेनेबिलिटी यानी लंबे समय तक प्रभावी तरीके से काम करने की क्षमता में सुधार होगा। एपीयू का स्वदेशी विकास होने से महत्वपूर्ण सिस्टम के लिए घरेलू तकनीक और उत्पादन क्षमता को बढ़ावा मिलेगा। यह करार सेना की जरूरतों को देश में विकसित तकनीक के जरिए पूरा करने की दिशा में भी अहम कदम है।

टी-72 और टी-90 टैंकों में एपीयू का काम क्या होगा?

एपीयू टैंक में बिजली पैदा करने का एक वैकल्पिक स्रोत है। इसका इस्तेमाल फायर कंट्रोल सिस्टम, फायरिंग सर्किट और गन स्टेबलाइजेशन सिस्टम जैसी महत्वपूर्ण प्रणालियों के लिए किया जाता है। इसके अलावा टैंक की दूसरी सहायक प्रणालियों को भी एपीयू से बिजली मिल सकती है। इन प्रणालियों के लगातार और भरोसेमंद तरीके से काम करने के लिए बिजली की जरूरत होती है। ऐसे में एपीयू टैंक की संचालन क्षमता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता भी

रक्षा मंत्रालय ने इस करार को सरकार के विकसित भारत@2047 के विजन से जोड़ा है। मंत्रालय के मुताबिक, यह कदम रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने और एक मजबूत घरेलू रक्षा उद्योग तैयार करने की दिशा में है। स्वदेशी एपीयू की खरीद से महत्वपूर्ण रक्षा उपकरणों के लिए भारतीय तकनीक और उद्योग की भूमिका बढ़ेगी। मंत्रालय ने इसे एक ऐसे रक्षा उद्योग के निर्माण की दिशा में अहम मील का पत्थर बताया है, जो आत्मनिर्भर होने के साथ वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता भी रखता है।

पीयूष गोयल ने दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा

रूसी तेल खरीदारों पर प्रतिबंध से जुड़े नए अमेरिकी कानून का अध्ययन कर रहा है भारत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि भारत पहले रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर नए अमेरिकी कानून के तहत लगाए जा सकने वाले टैरिफ के विवरण का अध्ययन करेगा। इसके बाद इस मामले पर उचित समय पर चर्चा की जाएगी।

भारत और चीन रूसी कच्चे तेल के सबसे बड़े खरीदारों में से हैं। ये उन्हें संभावित टैरिफ जोखिम के केंद्र में रखता है। कानून उन देशों का नाम नहीं बताता है जिन्हें आखिरकार टारगेट किया जाएगा। ट्रंप प्रशासन को यह तय करने के लिए छोड़ दिया जाएगा कि कौन से देश योग्य हैं और उन्हें किस टैरिफ दरों का सामना करना पड़ सकता है। भारत के लिए यह उपाय अमेरिका के साथ पहले से ही करीब से देखे जा रहे व्यापार संबंधों में अनिश्चितता की एक और परत जोड़ता है।

गोयल जी20 में अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि से चर्चा करेंगे

पीयूष गोयल ने राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, इसके विवरण अब सामने आ रहे हैं। हम उनका अध्ययन करेंगे और उचित समय पर इस मामले पर चर्चा करेंगे। 100 प्रतिशत टैरिफ कोई स्वचालित शुल्क नहीं है, इस बीच, भारत और अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत जारी रखे हुए हैं और दोनों पक्ष इस मुद्दे पर नियमित संपर्क में हैं। गोयल इस महीने के अंत में मिल्वौकी में होने वाली जी20 व्यापार मंत्रिस्तरीय बैठक के दौरान अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमिसन ग्रीयर के साथ द्विपक्षीय चर्चा कर सकते हैं।

सोमनाथ मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी

अहमदाबाद (भाषा)। गुजरात में प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यालयों सहित कई स्थानों को बम से उड़ाने के संबंध में मिला धमकी भरा ईमेल सोमवार को सुरक्षा जांच के बाद फर्जी साबित हुआ। अधिकारी ने बताया कि बम निरोधक दस्ते और स्थानीय पुलिस ने गिर सोमनाथ में स्थित सोमनाथ मंदिर परिसर तथा अहमदाबाद और गांधीनगर में भाजपा के कार्यालयों की गहन तलाशी ली, लेकिन इन स्थानों से कोई भी संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। एसीपी ने बताया कि कई स्थानों को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल एक अज्ञात पते पर प्राप्त हुआ था।

भारतीय युद्धपोत से टक्कर के बाद बौखलाई पाक नौसेना

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

उत्तर-पूर्वी अरब सागर में भारत और पाकिस्तान की नौसेनाओं के बीच बढ़ते तनाव ने एक बार फिर दक्षिण एशिया में हलचल बढ़ा दी है। पिछले हफ्ते दोनों देशों के नौसैनिक जहाजों के बीच हुई टक्कर की खबरों के महज कुछ ही दिनों बाद पाकिस्तान ने आनन-फानन में इस क्षेत्र में लाइव नेवल फायरिंग एक्सरसाइज का आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। ये नोटम किसी मिसाइल टेस्ट का नहीं है बल्कि इस दौरान पाकिस्तान अंधाधुंध फायरिंग करेगा। पाकिस्तान की तरफ से जारी इस नोटम और नेविगेशनल चेतावनी के बाद अरब सागर के इस संवेदनशील जलक्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों की आवाजाही को लेकर भी अलर्ट जारी किया गया है। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि समुद्र में हुई इस टक्कर के तुरंत बाद पाकिस्तान का यह आक्रामक सैन्य अभ्यास महज एक इत्तेफाक नहीं बल्कि वो अपनी मौजूदगी दर्ज कराने की कोशिश कर रहा है।

अरब सागर में टकराए थे युद्धपोत

पाकिस्तानी नौसेना के अभ्यास क्षेत्र के पास भारतीय नौसेना के फ्रिगेट्स और नौसैनिक ड्रोन लगातार स्थिति की निगरानी कर रहे हैं ताकि किसी भी अप्रत्याशित दुस्साहस का तुरंत जवाब दिया जा सके। वहीं 15 सितंबर को हुए टक्कर को लेकर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर ने कहा कि आईएनएस कोलकाता नियमित गश्ती अभियान पर था तभी पाक जहाज ने खतरनाक और गैर-पेशेवर तरीके से ओवरटेक करने की कोशिश की।

राज पर रील बनाने वाले के सिर पर रखवाई चप्पल

पुणे। महाराष्ट्र के पुणे में एमएनएस प्रमुख राज ठाकरे पर टिप्पणी वाली रील के मामले में इन्फ्लुएंसर महेश मोटे से माफी मंगवाने का वीडियो सोमवार को सामने आया। आरोप है कि एमएनएस कार्यकर्ताओं ने उनका चेहरा काली स्याही से पोता, राज ठाकरे की तस्वीर के सामने दंडवत करवाया और सिर पर चप्पल रखकर उठक-बैठक कराई।

रोहिणी जेल में तंबाकू के लिए कैदी को मार डाला

नई दिल्ली। दिल्ली की रोहिणी जेल के अंदर एक अंडरट्रायल कैदी की हत्या का मामला सामने आया है। आर्म्स एक्ट में जेल में बंद प्रमोद नामक कैदी की आपसी रंजिश के चलते हत्या कर दी गई है। सूत्रों के मुताबिक, मृतक प्रमोद जेल के अंदर तंबाकू बेचने का काम करता था। आशंका जताई जा रही है कि इसी बात को लेकर कैदियों के बीच कहासुनी और विवाद हुआ था, जिसके बाद यह खौफनाक कदम उठाया गया। जेल के अंदर साथी कैदियों भोला और मुकेश ने प्रमोद पर धारदार हथियार से हमला करने का गंभीर आरोप लगा है। हमले के बाद गंभीर रूप से घायल प्रमोद को तुरंत अस्पताल ले जाया गया।

गूगल पर 46.3 करोड़ डॉलर का लगा जुर्माना

डबलिन। गूगल पर उपयोगकर्ताओं के लोकेशन डेटा को उचित तरीके से नहीं संभालने के कारण यूरोपीय संघ के सख्त निजता नियमों के उल्लंघन के लिए 46.3 करोड़ डॉलर का जुर्माना लगाया गया है। आयरलैंड के डेटा संरक्षण आयोग ने कहा कि जांच में पाया गया कि गूगल ने 'वेब एंड ऐप एक्टिविटी' सेटिंग में उपयोगकर्ताओं के लोकेशन डेटा का कानून के अनुरूप और निष्पक्ष तरीके से प्रसंस्करण नहीं किया। इस सेटिंग के जरिये ब्राउजिंग और सर्च इतिहास को ट्रैक किया जाता है। जांच में 'लोकेशन हिस्ट्री' सेवा को भी शामिल किया गया।

पिथौरागढ़ में भारत-मंगोलिया की सेनाओं का युद्धाभ्यास शुरू

3 तक चलेगा 'नोमैडिक एलिफेंट'

एजेंसी ▶▶ पिथौरागढ़

18वां भारत-मंगोलिया संयुक्त सैन्य अभ्यास 'नोमैडिक एलिफेंट' सोमवार को उत्तराखंड के पिथौरागढ़ स्थित विदेशी प्रशिक्षण केंद्र में प्रारंभ हुआ। यह भारत और मंगोलिया में बारी-बारी से आयोजित होने वाला वार्षिक प्लाटून स्तरीय अभ्यास है, जो 21 सितंबर से 3 अक्टूबर, 2026 तक चलेगा। पिछला अभ्यास मई-जून 2025 में मंगोलिया के उलानबटार में आयोजित किया गया था। भारतीय सेना और मंगोलियाई सशस्त्र बलों की ओर से 45-45 जवान इस अभ्यास में भाग ले रहे हैं। इस अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के जनादेश के तहत अर्ध-शहरी और पर्वतीय इलाकों में आतंकवाद विरोधी अभियान चलाने के लिए दोनों पक्षों की संयुक्त सैन्य क्षमता को बढ़ाना है।

- **अभ्यास का उद्देश्य दोनों पक्षों की संयुक्त सैन्य क्षमता को बढ़ाना**
- **सशस्त्र बलों की ओर से 45-45 जवान इस अभ्यास में भाग ले रहे**



भारत-अमेरिका के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास युद्ध अभ्यास जारी

औली। भारत और अमरीका के बीच उत्तराखंड के औली में संयुक्त सैन्य अभ्यास युद्ध अभ्यास 2026 जारी है। यह अभ्यास सिर्फ प्रशिक्षण तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह दोनों देशों की सेनाओं के बीच आपसी भाईचारे, समझ और मजबूत रिश्तों को भी बढ़ावा दे रहा है। इस अभ्यास के दौरान दोनों सेनाओं के जवान न सिर्फ युद्ध कौशल साझा कर रहे हैं बल्कि भारत की सांस्कृतिक विरासत और हिमालय की खूबसूरती का भी अनुभव कर रहे हैं। अमरीकी सैनिकों ने बद्रीनाथ में आयोजित सांस्कृतिक उत्सव में 'देवभूमि' की जीवंत परंपराओं का अनुभव किया और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक देखी। गोरसों बुग्याल के खूबसूरत और प्राकृतिक इलाकों में ट्रेकिंग के दौरान उन्हें हिमालय की भव्य सुंदरता और वहां के प्राकृतिक परिवेश से भी रूबरू होने का मौका मिला।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने साफ किया नियम

'रस्में जरूरी, आर्य समाज का मैरिज सर्टिफिकेट पर्याप्त नहीं'

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि केवल आर्य समाज मंदिर से जारी विवाह प्रमाणपत्र के आधार पर यह नहीं माना जा सकता कि हिंदू विवाह वैध रूप से संपन्न हुआ था। हिंदू विवाह अधिनियम के तहत जरूरी रस्में और अनुष्ठान किए गए हों, तभी विवाह को कानूनी रूप से मान्य माना जा सकता है। न्यायमूर्ति राजीव सिंह ने यह बात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के अधिकारी रोहित पांडेय की याचिका पर सुनवाई करते हुए कही। कोर्ट ने पांडेय को नौकरी से हटाने का आदेश रद्द कर दिया। उन्हें अपनी वैवाहिक स्थिति के बारे में गलत जानकारी देने के आरोप में नौकरी से बर्खास्त किया गया था।

सुप्रीम कोर्ट के पुराने फैसले का दिया हवाला

हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के 1971 के प्रिया बाला घोष बनाम सुरेश चंद्र घोष मामले में दिए गए फैसले का भी हवाला दिया। इस फैसले में कहा गया था कि हिंदू विवाह को साबित करने के लिए जरूरी रस्मों का होना महत्वपूर्ण है। हाईकोर्ट ने कहा कि केवल आर्य समाज मंदिर का प्रमाणपत्र पेश करने से यह साबित नहीं होता कि विवाह हिंदू विवाह अधिनियम के अनुसार संपन्न हुआ था।

भारतीय दूतावास शवों को भारत लाने में कर रहा मदद

कनाडा में ट्रेनिंग के दौरान विमान क्रैश, दो भारतीय छात्रों की मौत

एजेंसी ▶▶ ओटावा

कनाडा में फ्लाइट ट्रेनिंग के दौरान एक दुखद हवाई दुर्घटना में 2 भारतीय छात्रों की मौत हो गई। घटना की पुष्टि कनाडा स्थित भारतीय दूतावास कंसुलेट जनरल ऑफ इंडिया वैंकूवर ने की है। घटना में जान गवांने वाले भारतीय छात्रों की पहचान तमिलनाडु के मनोज शिवकुमार और पुडुचेरी के श्रीसरन तिरुज्ञानसंबंधम के तौर पर हुई है।

विमान हादसे पर वैंकूवर स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने रविवार को शोक व्यक्त किया। दूतावास ने सोशल साइट एक्स पर पोस्ट कर लिखा, वैंकूवर स्थित

भारत का महावाणिज्य दूतावास तमिलनाडु के मनोज शिवकुमार और पुडुचेरी के श्रीसरण तिरुग्नानसंबंथम की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त करता है। दोनों भारतीय छात्रों की कनाडा में उड़ान प्रशिक्षण के दौरान हुए एक दुखद विमान हादसे में मौत हो गई। दूतावास ने आगे कहा इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं शोकसंतप्त परिवारों और उनके प्रियजनों के साथ है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28